दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 113
कोटद्वार शनिवार
19 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# केन्द्र पोषित योजनाओं के लिए विभागाध्यक्ष एवं सचिव की तय होगी जिम्मेदारी : सीएम

## केंद्र पोषित योजनाओं की निगरानी के लिए शासन स्तर पर गठित होगी मॉनिटरिंग सेल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : राज्य में संचालित केन्द्र पोषित योजनाओं के तहत केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाली धनराशि का विकास कार्यों में शत प्रतिशत धनराशि खर्च किया जाए। इसके लिए विभागाध्यक्ष एवं सचिव की जिम्मेदारी तय की जायेगी। केंद्र पोषित योजनाओं के तहत निगरानी के लिए शासन स्तर पर एक मॉनिटरिंग सेल बनाया जाय। विभाग द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने तथा प्रस्ताव पर स्वीकृति के बाद विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाय।

यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में केंद्र पोषित योजनाओं एवं बाह्य सहायतित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि विभिन्न विकास योजनाओं के तहत केंद्र सरकार से धनराशि स्वीकृत होने के बाद फाइल अनावश्यक रूप से शासन में लंबित न रहे। विभागीय सचिव अपने स्तर से स्वीकृत धनराशि जारी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र पोषित योजनाओं का राज्य को पूरा फायदा मिल सके, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। सभी विभाग योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की दिशा में अपनी ओर से बेस्ट परफॉर्मेंस दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम्य विकास विभाग के तहत जिन केंद्र पोषित योजनाओं के तहत कार्य हो रहे हैं, मार्च 2024 तक विभाग ने इसके लिए क्या प्लान बनाया है, वह प्लान प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवस्थापना विकास से संबंधित कार्यों में तेजी लाई जाय। कार्यदाई संस्थाओं के चयन के लिए विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद चयन प्रक्रिया अविलम्ब प्रारम्भ कराई जाये, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब न हो। राज्य की कार्यदाई संस्थाओं को पहले प्राथमिकता दी जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल. फैनई, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, दिलीप जावलकर, अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, बृजेश कुमार संत, दीपेन्द्र चौधरी, डॉ. आर. राजेश कुमार, चन्द्रेश कुमार यादव, विजय कुमार यादव, अपर सचिव योगेन्द्र यादव, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी आदि मौजूद थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

### वित्तीय वर्ष के लिए 15 हजार 583 करोड़ का प्राविधान

बैठक में बताया गया कि केन्द्रीय पोषित योजनाओं के तहत राज्य के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये कुल 15 हजार 583 करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में 31 जुलाई 2023 तक 04 हजार 204 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। जिसके सापेक्ष 01 हजार 759 करोड़ रूपये की धनराशि व्यय की जा चुकी है। 31 जुलाई 2023 तक बजट के सापेक्ष 27 प्रतिशत धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अभी तक 42 प्रतिशत धनराशि व्यय की जा चुकी है। जबकि राज्य में 8338 करोड़ रूपये की 12 बाह्य सहायतित परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जबकि 17165 करोड़ की 10 बाह्य सहायतित परियोजनाएं पाईपलाईन में हैं।

## गुजरात सरकार नर्मदा परियोजना में जमीन गंवाने वालों को बढ़ा हुआ मुआवजा दें

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ताजा फैसले में गुजरात सरकार को उन भूस्वामियों को बढ़ा हुआ मुआवजा देने का निर्देश दिया है, जिनकी जमीनें नर्मदा परियोजना की वडोदरा शाखा नहर के लिए अधिग्रहीत की गई थीं।

न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने देय मुआवजे को कम करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया।

वड़ोदरा जिले के वाघोडिया तालुका के मोरलीपुरा, कुमेथा और निमेटा गांवों की भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई थी और भूमि अधिग्रहण अधिकारी ने भूमि के बाजार मूल्य की गणना 1.90 रुपये प्रति वर्ग मीटर की थी।

बाद में मई 2007 में संदर्भ न्यायालय ने यह निष्कर्ष निकालते हुए मुआवजे की राशि बढ़ा दी कि भूमि का बाजार मूल्य 40 रुपये प्रति वर्ग मीटर माना जाना चाहिए। राज्य ने इसे उच्च न्यायालय के समक्ष अपील में भी लागू किया, जहां उसे सफलता मिली।

## जम्मू–कश्मीर के सोपोर में लश्कर के दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर,(एजेंसी)।** जम्मू–कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर शुक्रवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) से जुड़े दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से दो ग्रेनेड और आठ पिस्तौल राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने कहा, पुलिस ने सेना (52 आरआर) के साथ शेर कॉलोनी टार्जू में स्थापित एक संयुक्त जांच चौकी पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका, जिन्होंने संयुक्त दल को देखकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन चतुराई से उन्हें पकड़ लिया गया।

उनकी पहचान मंजूर अहमद भट और तनवीर अहमद लोन के रूप में की गई है, दोनों दारनाम्बल तारज़ू के निवासी हैं, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े हुए हैं।

तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो ग्रेनेड और आठ पिस्तौल राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने कहा, तदनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

## एनआईए ने जम्मू–कश्मीर में कई जगहों पर की छापेमारी

**श्रीनगर,(एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को जम्मू–कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी शुरू की।

## खाई में गिरी कार, एक की मौत, दो घायल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : विकासखंड बीरोंखाल के अंतर्गत बैजरों-जोगीमणी मोटरमार्ग पर कार अनियंत्रित होकर पचास मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार जोगीमंणी से बीरोंखाल की ओर जा रही थी।

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पंहुची पडिंडा बीरोंखाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैजरों ले गई। ए

ाडिंडा बीरोंखाल चौकी प्रभारी अमित भट्ट ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे घर से बैजरों विभागीय ट्रेनिंग के लिए जा रही कार बैजरों-जोगीमंणी मोटरमार्ग पर मूसा बैंड पर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जोगीमंणी पोस्ट ऑफिस में तैनात पोस्टमास्टर तेजपाल सिंह पुत्र राजेश सिंह 51 वर्ष निवासी मटकुंड बीरोंखाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि प्रताप सिंह पुत्र गोविंद सिंह 55 वर्ष निवासी मगरौ, अनिरुद्ध पुत्र मुकेश गौड़ 21 वर्ष निवासी सिरौली धुमाकोट घायल हो गए। ग्रामीणों और पुलिस द्वारा दोनों घायलों का रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाल कर 108 वाहन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैजरों में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैजरों डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि प्रताप सिंह के सिर पर चोट लगने से हायर सेंटर रेफर कर दिया हैं।

### मूसेवाला हत्याकांड में बड़ा खुलासा

## अयोध्या में गैंगस्टरों ने ली थी हथियार चलाने की ट्रेनिंग

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में अब तक सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। सिद्धू मूसेवाला की हत्या की वारदात को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ ने पूरी रणनीति के साथ अंजाम दिया था। सिद्धू की हत्या में शामिल शूटरों को हथियार चलाने का अभ्यास कराया था ताकि ऐन मौके पर किसी तरह की चूक न हो सके।

गैंगस्टरों ने सिद्धू मूसेवाला के गांव मूसा से करीब 951 किलोमीटर दूर अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में एक नेता के फार्म हाउस पर रुके थे। वहीं, उन्होंने हथियार चलाने की ट्रेनिंग ली और अपने हैंडलर से संपर्क किया था। इसके बाद जैसे ही उन्हें वारदात को अंजाम देने का आदेश दिया गया, वे वहां से निकल पड़े थे। यह खुलासा अजरबैजान से गिरफ्तार कर भारत लाया गया गैंगस्टर सचिन थापन ने सुरक्षा एजेंसियों से पूछताछ में किया।



इतना ही नहीं एजेंसियों के हाथ उस समय के कुछ फोटो व वीडियो भी लगे हैं। इसमें आरोपी धार्मिक स्थलों पर घूमने के अलावा हथियारों के साथ दिख रहे हैं। वीडियो में दिख रहे कई आरोपी तो अब तक सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लग चुके हैं।याद रहे 29 मई 2022 को सिद्धू मूसेवाला की उस समय हत्या की गई थी जब वह शाम को अपने दोस्तों के साथ मोहाली नंबर की थार गाड़ी से कहीं जा रहे थे। रास्ते में गांव जवाहरके के पास बदमाशों ने अंधाधुंध गोलियों से मूसेवाला की हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में अब तक 30 से ज्यादा आरोपी पकड़े जा चुके हैं। वहीं दो गैंगस्टरों को मुठभेड़ में ढेर भी किया जा चुका है। सुरक्षा एजेंसियों की जांच में यह बात साफ हो चुकी है कि सिद्धू की हत्या में जो हथियार आरोपियों ने इस्तेमाल किया, वह सभी पाकिस्तान से आए थे। इसके बाद वे हथियारों को लेकर यूपी गए थे। वहां पर उन्होंने ट्रायल लिया। इसके बाद दुबई में बैठे गैंगस्टर बिक्रम बराड़ के माध्यम से उन्होंने गोल्डी बराड़ से संपर्क साधा था और वारदात को अंजाम दिया।

## बीए. 2.86: आ गया कोविड का नया वैरिएंट

### अमरीका सहित इन देशों में नए संस्करण की पुष्टि

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरीका, डेनमार्क और इजराइल में एक नया कोविड–19 संस्करण बीए.2.86 का पता लगाया गया है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज एंड कंट्रोल प्रिवेंशन (सीडीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्र ने ट्वीट किया कि सीडीसी कोरोना वायरस के एक नए वंश पर नजर रख रहा है। इस वैरिएंट का नाम बीए.2.86 है, और यह अमरीका, डेनमार्क और इजराइल में पाया गया है।

सीडीसी ने कहा कि वह अधिक जानकारी एकत्र कर रहा है और जैसे–जैसे हम इस वंश के बारे में जानेंगे, हम इसके बारे में और अधिक जानकारी साझा करेंगे। इससे पहले, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बीए.2.86 स्ट्रेन को 'निगरानी के तहत संस्करण' के रूप में नामित किया था। पिछले सप्ताह, डब्ल्यूएचओ ने ईजी.5 और एरिस नामक एक नए कोरोन वायरस स्ट्रेन को 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' के रूप में बांटा था। डब्ल्यूएचओ के अनुसार एरिस वैरिएंट 51 देशों में पाया गया है, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन , चीन और यूरोप और एशिया के देश शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने जुलाई में 10 लाख से अधिक नए कोविड–19 मामलों की पुष्टि की। इस अवधि में संक्रमण से लगभग 3,100 लोगों की मौतें हुई हैं।




## बौखला गईं हैं स्मृति ईरानी, अमेठी से ही चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधीः अजय राय

**वाराणसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को अपने गृह जनपद वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अजय राय के स्वागत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मीडिया से बातचीत में अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। प्रियंका गांधी चाहें तो वाराणसी से चुनाव लड़ सकती हैं, हमारा एक–एक कार्यकर्ता उनके लिए जान लगा देगा।

एक सवाल के जवाब में कहा कि स्मृति ईरानी बौखला गईं हैं। वो 13 रुपये किलो चीनी दिला रहीं थीं। पूछा कि 13 रुपये किलो चीनी मिल रहा है क्या? अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व ने जो विश्वास किया है उस विश्वास को लेकर आम जनता में जाएंगे।

वाराणसी एयरपोर्ट के बाहर




मीडिया से बातचीत में अजय राय ने कहा कि आप कैमरा घुमाकर देखिए न, यहां बूथ लेवल का गांव–गिरांव के कार्यकर्ता खड़े हैं। अब गांव–गिरांव में कांग्रेस भाजपा को चुनाव हराएगी। बनारस की धरती महादेव की धरती है। महादेव महादेव की धरती से यह बिगुल बजा है। जिसका असर पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा।

अजय राय ने कहा कि भाजपा में क्या है, जो आप को गाली देता रहा। आप को मठ में भेजता रहा आप को गुजरात भेजता रहा। आज आप ने उसे अपने गठबंधन में ले लिया। उसे माला पहना रहे हैं और उसका स्वागत कर रहे हैं। पहले भाजपा को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। यह पूछने पर कि सबसे बड़ा मुद्दा क्या है इसपर अजय राय ने कहा कि प्रदेश में जो माहौल बनाया जा रहा है वही मुद्दा है। बेरोजगारी, महंगाई और जो डरा कर अपने साथ लेने का जो माहौल चल रहा है। ईडी–सीबीआई का डर दिखा कर लोगों को अपने साथ जोड़ा जा रहा है।

अजय राय ने खुद को राहुल गांधी का सिपाही और कार्यकर्ता बताया। कहा कि जो लड़ाई पूरी मजबूती के साथ भाजपा और नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ा था अब इसे चंदौली से गाजियाबाद तक लड़ा जाएगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी। अजय राय ने अपने पहले कदम के बारे में बताते हुए कहा कि वे आम कार्यकर्ता और साधारण व्यक्ति हैं। बताया कि सबसे पहले गाजीपुर शहीदों को नमन करने जा रहे हैं। ये लगातार संघर्ष करने का परिणाम है कि आज यह पद मिला है।

कांग्रेस हाईकमान ने अब तक कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष रहे पूर्व विधायक अजय राय को प्रोन्नति देते हुए प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पार्टी शीर्ष नेतृत्व की ओर से लोकसभा चुनाव से ठीक पहले किए गए इस बदलाव को सियासी नजरिये से अहम माना जा रहा है। पूर्व विधायक राय को जुझारू नेता के रूप में पहचाना जाता है। खासतौर से वह पूर्वांचल में मजबूत पकड़ रखते हैं। अजय राय ने 2012 में कांग्रेस का हाथ थामा और उसी साल विधानसभा उपचुनाव में वाराणसी की पिंडरा सीट से पांचवी बार विधायक बने। इसके बाद से लगातार कांग्रेस में रहे। अजय राय 27 वर्ष की उम्र में ही 1996 में पहली बार भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे। इसके बाद वह 2002 एवं 2007 में भी भाजपा के टिकट पर जीते। 2009 में भाजपा से सपा में शामिल हो गए।

पं. कमलापति त्रिपाठी के बाद पहली बार किसी नेता को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में पूरे प्रदेश की कांग्रेस की कमान संभालने का मौका मिला है। अजय राय पर कांग्रेस को प्रदेश में फिर खड़ा करने की चुनौती होगी, क्योंकि अब कांग्रेस को खोने के लिए यहां कुछ भी नहीं बचा है।

## पंचायतें भारत के लोकतंत्र के स्तंभ हैं: पीएम

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पंचायतें भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के स्तंभ हैं। दमन और दीव में एक पंचायती राज समारोह को अपने आभासी संबोधन में, मोदी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों को लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए और जिलों के विकास में योगदान देना चाहिए और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना चाहिए।

उन्होंने कहा, पंचायतें हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के स्तंभ हैं। आपको (जिला पंचायत सदस्यों को) आम आदमी की समस्याओं को हल करने की दिशा में काम करना चाहिए। आपको अपने–अपने राज्यों में लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए काम करना चाहिए और योगदान देना चाहिए। पंचायत सदस्यों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके क्षेत्र के छात्र 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कैसे अच्छा प्रदर्शन कर सकें और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा सामूहिकता, संगठन और समर्पण के मूल्यों में विश्वास करती है।उन्होंने कहा, हम सभी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए अपनी क्षमता और कौशल को लगातार बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं।

## अदालत ने आईओ द्वारा सबूतों में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए तीन को बरी किया

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने तीन लोगों को आरोपमुक्त कर दिया है, जिन पर दंगा करने, गैरकानूनी सभा का हिस्सा बनने और दंगों के दौरान बर्बरता का आरोप था।कडक़डडूमा कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, पुलस्त्य प्रमाचला ने आरोपियों अकील अहमद, रहीश खान और इरशाद को आरोपमुक्त करते हुए दिल्ली पुलिस के जांच अधिकारी (आईओ) के आचरण पर संदेह व्यक्त किया।जज ने कहा कि आईओ द्वारा सबूतों में हेरफेर करने और पूर्व–निर्धारित और यांत्रिक तरीके से आरोपपत्र दाखिल करने के संकेत मिले हैं।अदालत ने कहा कि रिपोर्ट की गई घटनाओं की पूरी तरह से और ठीक से जांच नहीं की गई, और ऐसा लगता है कि शुरुआती खामियों को छुपाने के एजेंडे के साथ आरोपपत्र दायर किए गए थे। इसके बाद न्यायाधीश ने मामले को वापस दिल्ली पुलिस के पास भेज दिया और उनसे जांच का पुनर्मूल्यांकन करने और उचित कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया।प्राथमिकी संख्या 71/2020 के रूप में दर्ज यह मामला 28 फरवरी 2020 को एक सहायक उप–निरीक्षक (एएसआई) द्वारा तैयार किए गए रूक्का से बना था।

## जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में मोदी बोले : स्वास्थ्य ही जीवन का आधार

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** गुजरात के गांधीनगर में जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है। हम भारत में कहते हैं आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम, अर्थात स्वास्थ्य ही परम धन है और अच्छे स्वास्थ्य से हर कार्य पूरा किया जा सकता है। कोविड 19 महामारी ने हमें याद दिलाया है कि स्वास्थ्य हमारे निर्णयों के केंद्र में होना चाहिए।

## चारा घोटालाः लालू की जमानत रद्द करने के लिए सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने चारा घोटाले के दोषी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख को झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से दी गई जमानत रद्द करने की गुहार लगाते हुए शुक्रवार को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। श्री यादव (74) उच्च न्यायालय से जमानत के बाद जेल से बाहर हैं।




शीर्ष अदालत सीबीआई की याचिका पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से लालू यादव को जमानत देने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर वह 25 अगस्त को सुनवाई करेगी। पीठ के समक्ष विशेष उल्लेख के दौरान सीबीआई ने शुक्रवार को अपनी याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी, जिसे स्वीकार करते हुए पीठ ने मामले को 25 अगस्त के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। झारखंड उच्च न्यायालय ने दुमका, चाईबासा, डोरंडा और देवगढ़ कोषागार से निकासी के चार मामलों में लालू को जमानत दे दी थी। उच्च न्यायालय ने राजद प्रमुख को डोरंडा कोषागार मामले में जमानत दे दी थी, जिसमें सीबीआई की विशेष अदालत ने उन्हें पांच साल जेल की सजा सुनाई थी। श्री यादव डोरंडा कोषागार में 139 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले से जुड़े पांचवें चारा घोटाले के मामले में रांची की एक विशेष सीबीआई अदालत ने पांच साल जेल की सजा सुनाई थी और 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।

# 22 अगस्त को 65695 बच्चों को कृमि नाशक दवा पिलाने का लक्ष्य



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आगामी 22 अगस्त को होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों हेतु जिला स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय बैठक में 1-19 वर्ष आयु वर्ग के 65695 बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया। कार्यक्रम समन्वयक विपिन सेमवाल ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 22 अगस्त को जनपद में 965 स्कूल एवं 692 आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ-साथ तकनीक शिक्षण संस्थान व महाविद्यालयों में 01 से 19 आयु वर्ग के 65695 बच्चों को कृमिनाशक दवा ''एडवेंडाजॉल'' की दवा खिलाई जाएगी। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 22 अगस्त के सफल आयोजन हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, पेयजल, उच्च शिक्षा, तकनीकि शिक्षा विभाग व निजी विद्यालयों की भूमिकाओं को लेकर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य सहित सभी संबंधित विभागों में आपसी समन्वय को मजबूत करने व जनपद में निर्माण साइटों में भी लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलवाने, शत प्रतिशत स्कूल व आंगनबाड़ियों तक ससमय दवा पहुंचाने, समस्त स्कूल व आंगनबाड़ी पर होने वाली एनडीडी गतिविधि की प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने व हरेक संबंधित विभाग द्वारा एनडीडी विषयक निर्देशित भूमिका का शत प्रतिशत निर्वहन सुनिश्चित करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसीएस मर्तोलिया ने कहा कि कृमि बच्चों के शरीर में महत्वपूर्ण पोषक तत्वों को खा लेते है, जिससे बच्चों के शरीर में खून की कमी, कुपोषण और उनकी वृद्धि और विकास में रूकावट आ जाती है। नतीजतन बच्चों की सेहत, शिक्षा और कार्यक्षमता पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग के साथ-साथ निजी स्कूलों के प्रबंधक/संचालक, महाविद्यालय व तकनीकि शिक्षण संस्थानों से लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलवाकर उक्त अभियान को सफल बनाने की अपील की।



# सबसे कम उम्र के शतरंज खिलाड़ी तेजस तिवारी ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को सचिवालय में हल्द्वानी निवासी सबसे कम उम्र के शतरंज खिलाड़ी श्री तेजस तिवारी ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने तेजस को भविष्य में शतरंज़ के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने एवं उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज उत्तराखण्ड विभिन्न खेलों में देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। अन्तर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा हल्द्वानी निवासी श्री तेजस तिवारी को सबसे कम उम्र का शतरंज खिलाड़ी घोषित कर सम्मानित किया गया है।

# सभी पर्वतीय शहरों की कैरिंग कैपिसिटी की जांच प्रक्रिया शुरू

देहरादून। राज्य के पर्वतीय शहरों की मजबूती, धारण क्षमता (कैरिंग कैपिसिटी) की जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई। भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र–यूएलएमएमसी विशेषज्ञ सर्वे एजेंसियों की मदद से शहरों की भूमि और पहाड़ों की संरचनाओं का सर्वेक्षण शुरू करने जा रहा है।

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा के अनुसार यूएलएमएमसी ने एजेंसियों के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रथम चरण में राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के करीब 15 शहरों का भूगर्भीय सर्वेक्षण किया जाएगा। शुक्रवार को सचिवालय में मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में डॉ. सिन्हा ने कहा कि एजेंसियों के चयन के बाद जल्द से जल्द सर्वे आरंभ कर दिया जाएगा। मालूम हो कि जोशीमठ में भूधंसाव के बाद सरकार ने सभी पर्वतीय शहरों की कैरिंग कैपिसिटी की जांच करने का निर्णय किया है। सीएम पुष्कर धामी ने आपदा प्रबंधन विभाग को इसके निर्देश दिए थे।

पहाड़ों में निर्माण–नियोजन की सिफारिश भी करेगा सर्वे

शहरों की सर्वेक्षण रिपोर्ट में जहां जमीन और पहाड़ की भूगर्भीय संरचना का सर्वे होगा। वहीं उसकी कैरिंग कैपिसिटी के आधार पर वहां निर्माण और नियोजन के लिए सरकार को स्पष्ट सुझाव भी दिए जाएंगे। आपदा प्रबंधन सचिव के अनुसार पहाड़ और मैदान की परिस्तियां भिन्न भिन्न होती हैं। इसलिए निर्माण के जो मानक मैदान में लागू हैं, वो पहाड़ों में नहीं हो सकते। सर्वेक्षण के आधार पर क्षेत्रवार निर्माण के मानकों पर भी सुझाव दिए जाएंगे।

ये हैं प्रस्तावित शहर

1.गढ़वाल मंडलः गोपेश्वर, कर्णप्रयाग, टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी,लैंसडौन, मसूरी,2.कुमाऊं मंडलः नैनीताल,पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, भवाली, रानीखेत, कपकोट, धारचूला, चंपावत,शहरों पर लगातार बढ़ रहा है ।

## खदरी में सौंग नदी पर सुरक्षा बाढ़ बनाए जाने की मांग

ऋषिकेश। विकास भवन देहरादून में आयोजित जिला गंगा सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में ऋषिकेश से सदस्य विनोद जुगलान ने ग्राम सभा खदरी में सौंग नदी पर सुरक्षा बाढ़ बनाए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि नदी के उफान से आई बाढ़ से समूचे गांव को हर बार नुकसान झेलना पड़ता है। कहा कि यहां रिवर ड्रेसिंग कर नदी की जलधारा को बीचों बीच ले जाने की जरूरत है। बकौल जुगलान सीडीओ देहरादून द्वारा बाढ़ नियंत्रण की कार्यदायीसिंचाई विभाग को सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। जुगलान ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान खदरी के समीप मनरेगा में बनाई गई सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा भारी बर्षा के कारण ढह गया है। क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार को आपदा में लेते हुए त्वरित निर्माण की आवश्यकता है।

# डो–टू–डोर कूडा क्लेक्शन व सोर्स सेग्रिगेशन पर विशेष फोकस करें



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक हुई। जिसमें गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वास के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यों की समीक्षा की गई।अपर जिलाधिकारी ने नमामि गंगे के अधिकारियों को जनपद में छुटे हुए प्रत्येक नगर निकायों में भी सीवेज सिस्टम बनाने के लिए विस्तृत विश्लेषण करने और एसटीपी निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित 16 एसटीपी में सीवेज ट्रीटमेंट के बाद बचे कीचड़ (स्लज) का इस्तेमाल खाद बनाने में किया जाए और एनजीओ या किसी संस्था के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाए। नगर निकायों में डो-टू-डोर कूडा क्लेक्शन व सोर्स सेग्रिगेशन पर विशेष फोकस किया जाए। पीपलकोटी, थराली गौचर के अलावा नंदानगर, गैरसैंण, पोखरी के लिए भी शीघ्र एसटीपी का प्रस्ताव तैयार किया जाए। सदस्य सचिव/प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश कुमार दुबे ने बताया कि जनपद में स्वीकृत 16 एसटीपी का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें 28 नालों को जोड़ा गया है। इसमें बद्रीनाथ में 6, जोशीमठ में 05, गोपेश्वर में 07, नंदप्रयाग में 03 तथा कर्णप्रयाग में 07 गंदे नाले एसटीपी से जोड़े गए है।

## एक नजर

### काली पट्टी बांधकर विरोध जताया

रुद्रप्रयाग : कोषागार कर्मचारी संगठन रुद्रप्रयाग इकाई द्वारा अपनी विभिन्न सूची मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है वर्षों से लम्बित मांगों पर कार्रवाई न होने से कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कर्मचारी हित में निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन उग्र किया जाएगा। कोषागार प्रातीय कार्यकारिणी के आह्वान पर जिला इकाई 16 अगस्त से काली पट्टी बांधकर विरोध कर रही है। कोषागार कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मलेठा ने कहा कि बीते कई वर्षों से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कहा कि कोषागार कर्मचारी सेवा नियमावली को यथावथ रखते हुए उनकी मांगों पर कार्रवाई की जाए। पूर्व में संगठन द्वारा शासन एवं निदेशक कोषागार पेंशन एवं हकदारी उत्तराखंड को कोषागार कर्मियों की मांगों पर सकारात्मक कार्य कार्रवाई के लिए ज्ञापन भी दिया गया किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिससे अब कर्मचारियों को आंदोलन की राह पर चलना पड़ रहा है। कहा कि अभी आंदोलन के रूप में विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर विरोध किया जा रहा है किंतु यदि मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन उग्र किया जाएगा।(एजेंसी)

### थराली में भारी बारिश से दहशत में लोग

चमोली : गुरुवार रात को लगभग 10 बजे फिर अतिवृष्टि से प्राणमती नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाया, जिससे थराली बाजार और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोग अचानक दहशत में आ गए। हालांकि किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन प्राणमती में जलस्तर बढ़ने से लोग दहशत में आ गए।

गुरुवार रात्रि को लगभग 11 बजे थराली मुख्य बाजार में अचानक पुलिस की अनाउंसमेंट सुन स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल गए। देखते ही देखते पूरे कस्बे में लोग घरों से बाहर आ गए। पिण्डर नदी को रुका देख सभी की सांसे जैसे रुक गई।

# मुख्य विकास अधिकारी कमठान की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला गंगा सुरक्षा समिति के रेखीय विभागों के से कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यों की समीक्षा की गई। टपकेश्वर से सीवर लाइन ट्रीटमेंट प्लान की जानकारी प्राप्त करते हुए अवगत कराया गया कि डीपीआर तैयार की जा रही है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने डीपीआर, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए जर्मन बैंक पोषित परियोजना की जानकारी प्राप्त की जिस पर अवगत कराया गया कि दो कार्यों पर टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है अन्य पर शासन को प्रस्ताव गया है, जल्द ही टेंडर प्रक्रिया कराई जाएगी। पेयजल निगम के अधिकारी ने बताया कि पैकेज 5,6 में एसपीएस कार्य, पैकेज 07 में एसटीपी एवं एसपीएस तथा पैकेज 8 में राइजिंगमैन योजना पर कार्य होना है,

## प्रत्याशी को आयातित बताने पर भड़की कांग्रेस

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार को आयातित बताए जाने पर मुख्य विपक्षी दल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट कह रहे हैं कि कांग्रेस ने प्रत्याशी बाहर से आयात कर, अपने कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। मेहरा के मुताबिक महेंद्र भट्ट को इस तरह का बयान देने से पहले भाजपा सरकार में पिछले और मौजूदा मंत्रीमंडल पर भी नजर मारनी चाहिए। जिसमें आधे से अधिक मंत्री कांग्रेस से होकर आए हैं, गरिमा ने कहा कि इसका मतलब है कि भाजपा के पास काबिल विधायकों का अभाव है।

# भाजपा ने प्रदेश व लोकसभा वार गठित की सोशल मीडिया समितियां

देहरादून। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश और सीटवार सोशल मीडिया समितियां गठित की हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व प्रदेश आईटी मीडिया प्रभारी कुलदीप कुमार की सहमति के बाद सूची जारी कर दी गई है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि प्रदेश सोशल मीडिया समिति में महावीर नेगी, राकेश नेगी, हरीश जोशी, श्याम सुंदर चौहान, प्रशांत चमोली, मनोज मधवाल, अनिभान बनकोटी, जितेंद्र मेहता, शशांक वर्मा और गीता राठौर को शामिल किया है।

लोकसभा वार गठित समितियों में संयोजक, सह संयोजक समेत 14 सदस्यों को लिया गया। सौरभ कपूर को टिहरी संसदीय सीट का संयोजक जबकि रवि पंवार को सह संयोजक बनाया है। गढ़वाल सीट के लिए भानु कुनियाल संयोजक व संगीता सुंदरियाल सह संयोजक होंगी। आशीष झा हरिद्वार लोकसभा के संयोजक और भुवनेश कुकरेती सह संयोजक होंगे।

इसी तरह अल्मोड़ा सीट पर महेश पाठक संयोजक, मनीष बंगवाल सह संयोजक और नैनीताल–ऊधमसिंहनगर लोकसभा के लिए देवेंद्र बिष्ट संयोजक व शुभम मेहरा सह संयोजक बनाए हैं। सोशल मीडिया टीम के संयोजक व सदस्य चुनाव तक केंद्र और राज्य सरकार की लाभार्थी योजनाओं के साथ ही उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# बदरीनाथ—गंगोत्री हाईवे पर मलबा आने से लोकल लोगों की फजीहत

ऋषिकेश। बदरीनाथ और गंगोत्री नेशनल हाईवे पर पहाड़ से रुक–रुककर मलबा आना जारी है, जिससे लोकल यात्रियों की रोज फजीहत हो रही है। हाईवे बंद होने से उन्हें घंटों सड़क पर ही बिताने पड़ रहे हैं। शुक्रवार को भी हाईवे पर मलबा आने से लोकल यात्रियों की फजीहत रही। तोताघाटी और अटाली में कभी सुबह, तो कभी शाम और कभी रात में मलबा आ रहा है।

गंगोत्री हाईवे पर भद्रकाली से लेकर नरेंद्रनगर के बीच पहाड़ दरक रहे हैं। मलबा आने से हाईवे पर वाहनों की कतारें लगना आम हो गई हैं। मलबे की वजह से खासकर पहाड़ी इलाकों से आवाजाही करने वाले स्थानीय लोग परेशान हैं। इससे उच्च शिक्षा के लिए मैदानी इलाकों में पहुंचने वाले छात्र–छात्राओं की भी दुश्वारियां बढ़ी हुई हैं।

मलबे ने नौकरी पेशा लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। दोनों राजमार्गों पर मलबे से प्रतिदिन कई–कई घंटे लोग फंस रहे हैं। रात के वक्त हाईवे से गुजरने वाले स्थानीय लोगों को और ज्यादा दिक्कतें हो रही हैं। गुलर के साथ आसपास के इलाकों से ऋषिकेश आने–जाने में मलबा रोड़ा बन रहा है। यातायात निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि फिलहाल गंगोत्री और बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग खुला है। वाहन सवारों को सफर में सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। भूस्खलन के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में जेसीबी की 24 घंटे तैनाती की गई है। यातायात कंपनी के अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने बताया कि मलबा आने से सुबह के समय की सेवाएं हरदिन प्रभावित हो रही है। जिससे यात्रियों को घंटों ऋषिकेश आईएसबीटी पर गुजारने पड़ रहे है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भी दोनों हाईवे पर मलबा आने से सुबह के समय सेवाएं देरी से गतंव्य हो रवाना हो पाई।

## छात्र–छात्राओं ने गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया

ऋषिकेश। जयराम संस्कृत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने गंगा घाटों पर आए बाढ़ के मलबो को हटाकर स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। शुक्रवार को जयराम संस्कृत महाविद्यालय के संस्कृत व योग के छात्र–छात्राओं ने त्रिवेणी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। जयराम आश्रम अन्न क्षेत्र ट्रस्ट ऋषिकेश के अध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि स्वच्छता प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। हिंदू संस्कृति में प्राचीन काल से ही पूजा पाठ सहित अन्य विधि विधानों में साफ सफाई के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया जाता रहा है। स्वच्छता सभी की जीवन शैली में होनी चाहिए।

# ऋषिकेश कैंपस में प्रवेश का आज अंतिम दिन



ऋषिकेश। यदि आप भी श्रीदेवसुमन विश्वविद्यालय ऋषिकेश कैंपस में प्रवेश लेने से वंचित रह गए हैं तो यह खबर आपके लिए है। छात्र नेताओं की मांग पर विश्वविद्यालय प्रशासन प्रवेश का अंतिम अवसर देने जा रहा है। शनिवार को ऋषिकेश कैंपस में रिक्त सीटों पर छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिए जाएंगे।

शुक्रवार को छात्र नेता हिमांशु जाटव के नेतृत्व में छात्र–छात्राएं श्रीदेवसुमन विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर के प्राचार्य से मिले और ज्ञापन सौंपकर प्रवेश से वंचित छात्र–छात्राओं को प्रवेश देने की मांग की। जिस पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने 19 अगस्त को प्रवेश का अंतिम अवसर देने की बात कही है। जिसके अनुसार वंचित छात्र–छात्राएं शनिवार को विभिन्न संकायों में प्रवेश ले सकेंगे। प्राचार्य एमएस रावत ने बताया कि छात्र–छात्राओं को रिक्त सीटों पर 19 अगस्त को प्रवेश का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। इसके बाद विश्वविद्यालय में प्रवेश बंद हो जाएंगे।

# राज्यपाल ने किया ''सरदार पटेल भवन'' का भ्रमण, डीजीपी ने उन्हें कंट्रोल रूम की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को कोर्ट रोड़, देहरादून स्थित ''सरदार पटेल भवन'' का भ्रमण कर पुलिस के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने परिसर स्थित गढ़वाल परिक्षेत्र कार्यालय, उत्तराखण्ड पुलिस पेंशनर्स कार्यालय, प्रशिक्षण शाखा, यातायात निदेशालय कार्यालय का भ्रमण किया। राज्यपाल ने डायल–112 (इमरजेंसी रेस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम) कंट्रोल रूम का भ्रमण किया जहां डीजीपी अशोक कुमार ने उन्हें कंट्रोल रूम की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। राज्यपाल ने कहा कि डायल–112 के माध्यम से आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जिस प्रकार त्वरित समाधान किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है।

राज्यपाल ने उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा ड्रोन से की जा रही मॉनिटरिंग फीड को देखकर यातायात प्रबंधन में उपयोग की जा रही तकनीक और विषम परिस्थितियों में भी यातायात ड्यूटी में नियुक्त पुलिस कर्मियों की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस के कार्यों में जिस प्रकार टेक्नोलॉजी को जोड़ा गया है वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि अच्छे रिजल्ट के लिए रियल टाइम मॉनीटरिंग और त्वरित रिस्पांस आवश्यक है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस ने मित्रता, सेवा और सुरक्षा के रूप में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग एक सेवा का कार्य है और जिस निष्ठा और मेहनत से हमारे पुलिस के जवान और अधिकारी कार्य कर रहे हैं वह सराहनीय है। उत्तराखण्ड पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस, कानून व्यवस्था के साथ–साथ आपात स्थिति और विभिन्न प्रकार के आयोजनों जिनमें चार धाम यात्रा, कांवड़ यात्रा, ट्रैफिक नियंत्रण आदि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस को आधुनिक, संवेदनशील एवं स्मार्ट पुलिस बल बनने की दिशा में फोकस किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा वर्तमान में पुलिस को ट्रेनिंग के माध्यम से स्वयं को अपडेट करते रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास सदैव बना रहे इसका निरंतर प्रयास किया जाय।

## एसपी ने दिलाई पुलिस कर्मियों को सदभावना शपथ

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने पुलिस कार्मियों को सद्भावना की शपथ दिलाई।

साथ ही इसके उद्देश्य के बारे में भी बताया। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस कार्मिकों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाते हुए एसपी ने कहा कि सद्भावना का उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों में राष्ट्रीय एकीकरण और साम्प्रदायिक सौहार्द का संवर्धन करना है।

सद्भावना दिवस मनाने के पीछे मुख्य विचार हिंसा को खत्म करना है, जबकि लोगों में सद्भावना का संवर्धन करना है। पुलिस कार्यालय के साथ ही पुलिस लाइन रतूड़ा व जनपद के सभी थाने और चौकियों में थाना चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई।

# जल्द कोटद्वार से पहाड़ चढ़ने लगेंगे भारी वाहन, हाईवे पर पुश्ते की मरम्मत शुरू

- 13 अगस्त की रात हुई अतिवृष्टि से लालपुल से करीब पांच सौ मीटर पहले ढह गया था पुश्ता
- पिछले छह दिन से कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग पर बंद पड़ी है भारी वाहनों की आवाजाही

**कोटद्वार** : पिछले छह दिन से कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग पर बंद पड़ी भारी वाहनों की आवाजाही जल्द शुरू हो सकती है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने लालपुल से करीब पांच सौ मीटर पहले धराशायी हुए पुश्ते की मरम्मत शुरू कर दी है। वर्तमान में उक्त मार्ग पर केवल छोटे वाहनों की ही आवाजाही हो रही है। 13 अगस्त की रात हुई अतिवृष्टि से नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग को काफी नुकसान पहुंचा था। लालपुल से करीब पांच सौ मीटर पहले राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा ढहकर खोह नदी में समा गया था। वहीं, जगह-जगह राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी से मलबा व बोल्डर भी गिर गये थे। 16 अगस्त की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने मलबा हटाकर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू करवा दी थी। लेकिन, राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा ढहने के कारण पर्याप्त मार्ग नहीं होने से भारी वाहनों की आवाजही बंद ही रखी। ऐसे में पर्वतीय क्षेत्रों में भारी वाहनों से सामान पहुंचाना एक चुनौती बन गई है। पिछले छह दिन से राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए गुरुवार से राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने धराशायी हुए पुश्ते की मरम्मत करनी शुरू कर दी है। पत्थर व लोहे के जाल डालकर पुश्ते की मरम्मत करवाई जा रही है। उम्मीद है तीन से चार दिन में राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहन दौड़ने लगेंगे।



कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य लालपुल से करीब पांच सौ मीटर पहले पुश्ते की मरम्मत करवाता एनएच विभाग।

### पग-पग पर खतरा

अतिवृष्टि के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा का सफर खतरनाक हो चुका है। पल-पल पर बने डेंजर जोन वाहन चालकों को डरा रहे हैं। हल्की बारिश में ही पहाड़ों से मलबा व बोल्डर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहा है। ऐसे में वाहन चालकों को पूरी सावधानी के साथ आवागन करना चाहिए।

## कोटद्वार में आई आपदा के लिए सरकार जिम्मेदार, पूर्व में करवा दिया था अवगतः नेगी

### पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने प्रदेश सरकार पर लगाया लापरवाही दिखाने का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कोटद्वार शहर में आई आपदा के साथ ही नदियों में धराशायी हुए पुलों के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। कहा कि पूर्व में उनके अवगत करवाने के बाद भी सरकार ने नदियों की स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया। नतीजा आज परिणाम प्रत्यक्ष है।

पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने इस संबंध में एक पत्र मुख्यमंत्री को भेजा। उन्होंने कहा कि कोटद्वार में आपदा ने भारी तबाही मचाई। इस तबाही का सबसे बड़ा कारण चैनेलाइजेशन के नाम पर जेसीबी व पोकलैंड मशीनों से नदियों का सीना चीरा जाना है। नदियों पर बने पुलों की नींव तक खोखली कर दी गई थी। बरसात शुरू होने से पहले उन्होंने स्वयं स्थिति के बारे में प्रदेश सरकार को पत्र भेजा था, जिसमें आबादी की ओर हो रहे नदी के रूख को बदलने व पुलों की सुरक्षा पर गंभीरता से ध्यान देने की बात कही गई थी, लेकिन सरकार ने पत्र को गंभीरता से नहीं लिया। नतीजा, आज नदी-नालों ने आबादी में पहुंचकर कई परिवारों को बेघर कर दिया है। सरकार को आपदा पीड़ितों की मदद के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। प्रभावितों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। नेगी ने कहा कि आबादी की ओर हो रहे नदी के रूख को बदलने के साथ ही खतरे की जद में आए स्थानों पर सुरक्षा दीवार का निर्माण भी करवाया जाना चाहिए।

# महिलाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

### श्री वैश्य अग्रवाल महिला सभा की ओर से धूमधाम से मनाया गया तीज कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : श्री वैश्य अग्रवाल महिला सभा की ओर से हरियाली तीज कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान महिलाओं ने सामाजिक हितों को लेकर कार्य करने का भी संकल्प लिया।

नजीबाबाद रोड स्थित एक वैडिंग प्वाइंट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. हिमाली अग्रवाल, संरक्षिका बीना मित्तल, एडवोकेट सरिता अग्रवाल, पार्षद कविता मित्तल, सीता गुप्ता एवं सुशीला गर्ग द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सामूहिक रूप से किया गया। इसके बाद जलाओ दिये पर रहे ध्यान इतना अंधेरा धरा पर कहीं रह ना पाये जैसे श्लोक के साथ दीप प्रज्वलित कर महाराजा अग्रसेन के भजन पर महिलाओं द्वारा प्रस्तुति दी गयी। वैश्य महिला सभा की अध्यक्ष अंजली अग्रवाल ने माता पार्वती को धरती पर शिवजी से पति के रूप में मिलाने वाले हरियाली तीज पर्व की शुभकामनायें दी। तीज समारोह में महिलाओं के लिए डांस प्रतियोगिता, तम्बोला, सेल्फी प्वाइंट, झूले के साथ-साथ आकर्षक कार्यक्रम सास-बहु तीज क्वीन कान्टेस्ट भी आयोजित किया गया। समारोह में छवि, प्राची, पूनम गर्ग, ज्योति मित्तल, भोली मित्तल, शक्ति पूजा माहेश्वरी, विभूती बिंदल, पलक, स्तुति, रिया, नव्या, दीपा ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर महासचिव स्नेहा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मिनाक्षी अग्रवाल, शिखा गर्ग, सपना अग्रवाल, निधि अग्रवाल, मधुमिता, प्रीति गुप्ता, रूचि कंसल, रिंकी गर्ग, आरती गोयल, रुपाली, हिमांशी गुप्ता, शोभिता गुप्ता, पूर्ति अग्रवाल, पूजा माहेश्वरी, कणिका जैन, वर्णिका, नितिश गर्ग, पूजा मित्तल, वर्षा असवाल, दिपिका गर्ग, पूनम गर्ग, ज्योति मित्तल, सुरभि गुप्ता, अंजली, मधु मित्तल, कुसुम गर्ग, शिखा गर्ग, लक्ष्मी, रानी देवी, अवनिता अग्रवाल मौजूद रहीं।



तीज कार्यक्रम का शुभारंभ करती मुख्य अतिथि

## पीटीए अध्यक्ष बनें भक्ति लाल शाह

**पौड़ी** : राकइंका में शिक्षक अभिभावक एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने स्कूल में शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा करने व स्कूल की समस्याओं को हल करना प्राथमिकता बताया। शुक्रवार को राकइंका में शिक्षक अभिभावक एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए भक्ति लाल शाह को अध्यक्ष, शर्मिला देवी को कोषाध्यक्ष व ध्रुव प्रकाश, परमानंद सेमवाल, सरोजनी नौटियाल व किरन देवी को विशेष सदस्य चुना गया। अभिभावकों ने कहा कि स्कूल में पिछले लंबे समय से एलटी गणित, सामान्य व प्रवक्ता में हिंदी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भौतिक विज्ञान, गृह विज्ञान के पद रिक्त चल रहे है। जिससे यहां अध्यनरत छात्राओं को पठन-पाठन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही स्कूल के सुधारीकरण व पेयजल समस्या भी उठाई गई। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि स्कूल की विभिन्न समस्याओं को हल करने को लेकर जल्द ही शिक्षा विभाग के अफसरो से मुलाकात कर समस्याएं हल करने की मांग की जाएगी। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य डा. सावित्री शैव नेगी, पूर्व पीटीए अध्यक्ष दीपक सिंह रावत, आरती शाह, पदमा रावत, संगीता वाल्मीकि, ममता काला, कांति किमोठी, राखी नेगी, सीमा चौहान, श्वेता बिष्ट, पारेश्वरी, मालिनी आदि शामिल रहे।

## कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर धमका हाथियों का झुंड, पटाखे व हवाई फायर कर जंगल में खदेड़ा



कोटद्वार- पुलिंडा मार्ग पर धमका हाथियों का झुंड

**कोटद्वार** : लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार को हाथियों का एक झुंड जंगल से निकलकर मार्ग पर पहुंच गया। करीब एक घंटे तक हाथियों का यह झुंड मार्ग पर टहलता रहा। जिसके कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पटाखे व हवाई फायर कर हाथियों को जंगल में खदेडा। शुक्रवार सुबह अचानक हाथियों का झुंड मार्ग पर धमक गया। ऐसे में मार्ग से आवाजाही कर रहे लोगों में आफरा-तफरी मच गई। वाहन चालकों ने हाथी से बचाव के लिए कई मीटर दूर अपने वाहन खड़े कर दिये। घंटों लोग हाथियों के जंगल में वापस जाने का इंतजार करते रहे। लेकिन, करीब एक घंटे तक हाथी मार्ग पर ही टहलते हुए नजर आए। मालूम हो कि उक्त मार्ग पर आए दिन हाथियों की धमक बनी रहती है। पूर्व में हाथी मार्ग से गुजरने वाले कई लोगों पर हमले का भी प्रयास कर चुका है। वहीं, कुछ माह पूर्व हाथी ने उक्त मार्ग पर एक पुलिस कर्मी को भी मार दिया था। ऐसे में मार्ग से गुजरने वाले लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। रेंजर अजय कुमार ध्यानी ने बताया कि हाथियों के झुंड सड़क पर आने से जाम लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम को मौके पर भेजा गया। पटाखे छोड़कर और हवाई फायर कर हाथियों को जंगल की ओर भेजा गया। किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## बेटा माँ की हत्या का दोषी, अदालत का फैसला सुरक्षित

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी** : जिला एवं सत्र न्यायाधीश पौड़ी की अदालत ने बेटे को मां की हत्या का दोषी करार देते हुए सजा पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। इस मामले में दूसरे बेटे ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष नैथानी की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी बेटे विकास पुत्र स्व. यशपाल सिंह को मां की हत्या का दोषी करार दिया। अदालत ने सजा पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। अभियोजन की ओर से इस मामले में 21 गवाह प्रस्तुत किए गए।

मामला पौड़ी थाना क्षेत्र के पाबौ चौकी का है। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप भट्ट ने बताया कि पाबौ चौकी क्षेत्र के सिमखेत गांव के अजय कुमार ने तहरीर दी कि उनके भाई विकास ने 19 मार्च 2019 को अपनी मां और मेरे पर जानलेवा हमला किया। मां के सिर पर पत्थर मारा और घायल किया। साथ ही चाकू से भी वार किया और मां की कमर पर चोट आ गई। जिस पर उन्हें पौड़ी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। डाक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर किया और अगले दिन उनकी मां कमला देवी की मौत एम्स ऋषिकेश में हो गई। 21 मार्च 2019 को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले की विवेचना के दौरान अलग-अलग आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए।

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में तरूण, साहिल व सचिन रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**थलीसैंण** : राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवम् प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित विज्ञान संगोष्ठी 2023 विषय श्री अन्न एक मूल्यवर्धित पौष्टिक आहार अथवा भ्रान्ति आहार पर ब्लॉक स्तरीय विज्ञान सेमिनार अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज चाकीसैंण में आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक के 29 विद्यालयो के 37 प्रतिभागियों और उनके मार्गदर्शक अध्यापक एवम् अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जनता इंटर कॉलेज धाधनखेत के तरुण, अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज चाकीसैंण के साहिल व सचिन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करते हुए जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति डॉ. जितेंद्र नेगी प्राचार्य राठ महाविद्यालय पैठाणी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चातम छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम और विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी ब्लॉक विज्ञान समन्वयक रघुवीर सिंह रावत प्रवक्ता अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज चाकीसैंण ने विस्तार से सभी प्रतिभागियों को दी। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जनता इंटर कॉलेज धाधनखेत के तरुण ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक प्रवीण सहायक अध्यापक विज्ञान के संरक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि द्वितीय एवम तृतीय स्थान अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज चाकीसैंण के साहिल व सचिन ने अपने मार्गदर्शन शिक्षिका अंजलि बिष्ट सहायक अध्यापक, आरएस रावत प्रवक्ता जीव विज्ञान के मार्गदर्शन में प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक अखिलेश घिल्डियाल अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज चौरीखाल, राजकीय इण्टर कालेज स्योली के जगमोहन सिंह गुसाईं एवम् राजकीय इण्टर कालेज मौजखाल के धर्मेन्द्र गुसाईं थे। मंच संचालन सतीश कंडारी ने किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी बाला, शिक्षक प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार, श्रीमती पूनम गुसांई, श्रीमती अंजू रयाल, पूजा रावत, नीलम थपलियाल, मोहन रावत, अरविंद चौहान, वर्धन सिंह राणा, आरवी यादव, पंकज रावत, ब्लॉक थलीसैंण के ब्लॉक अध्यक्ष पदमेंद्र रौथान आदि मौजूद थे।

## इंद्रमणि बड़ोनी की पुण्यतिथि पर किया पौधा रोपण

### ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से उत्तराखंड के गाधी स्व. इंद्रमणि बड़ोनी की पुण्यतिथि पर पौधा रोपण किया गया। इस मदौरा सदस्यों ने सदैव बड़ोनी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से पूर्वी झंडीचौड़ स्थित पंडित दीनदयाल नवानी स्मृति वाटिका में अने प्रजाति के फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद रोहिणी देवी, उक्रांद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद पंत ने की। विचार मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी द्वारा कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आम, लीची, नींबू सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। सदस्यों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस मौके पर मंच के महासचिव जनार्दन प्रसाद ध्यानी, शंकर दत्त गौड़, सत्यप्रकाश भरद्वाज, पुष्कर सिंह रावत, जगदीपक सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह, विनोद सिंह, विजय लखेड़ा, इंदु नौटियाल, गोदांबरी भारद्वाज, पंकज चमोली आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के झंडीचौड़ में पौधा रोपण करते मंच के सदस्य

# फार्म-6 नहीं भरवाने पर भड़के डीएम, पटवारी का रोका एक माह का वेतन

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : लोकसभा चुनाव के वोटर लिस्ट में नए मतदाताओं को शामिल करने को लेकर बीएलओ द्वारा की जा रही फॉर्म-6 की कार्यवाही का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी ने जीबी पंत इंजिनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र के बीएलओ द्वारा इन छात्रों के नाम वोटर लिस्ट में शामिल किए जाने के लिए फार्म-6 नहीं भरवाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए राजस्व उपनिरीक्षक निर्मला रावत का अगस्त महीने का वेतन रोकने व बीएलओ को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने शुक्रवार को घुड़दौड़ी कॉलेज में बूथ का निरीक्षण करते हुए नए मतदाताओं को शामिल किए जाने के लिए बूथ स्तर पर बीएलओ द्वारा फार्म-6 की कार्यवाही की जानकारी हासिल की। बताया गया कि कॉलेज में शिक्षणरत 1700 छात्रों में आधे से अधिक छात्र ऐसे हैं जो आगामी लोकसभा में पहली बार वोट देंगे। डीएम ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का पर्व है, जिसमें हर मतदाता को प्रतिभाग कर इस पर्व को हर्षोल्लास से मानाया जाना चाहिए। डीएम ने एसडीएम को नर्सिंग कॉलेज डोभ-श्रीकोट, एनआईटी, पॉलीटेक्निक, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज व गढ़वाल यूनिवर्सिटी श्रीनगर में भी नए मतदाताओं के नाम फार्म-6 के माध्यम से वोटर लिरूट में शामिल करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्राचार्य जीबी पंत इंजिनियरिंग कॉलेज बीएन काला, एसडीएम अबरार अहमद, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी आदि शामिल थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान जीबी पंत इंजिनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी का निरीक्षण करते हुए।

## एनएच पर गिरा पेड़, हादसा टला

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के गेट पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आम का पेड़ गिरने से बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। पेड़ बिजली की लाइन को तोड़ते हुए कार के ऊपर गिर गया। कार में दो व्यक्ति बैठे हुए थे जो सुरक्षित बच गए। एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि पेड़ गिरने की सूचना पर ऊर्जा निगम द्वारा तत्काल बिजली काट दी गई। मौके पर पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम ने पेड़ की टहनियों को हटाकर आवागमन सुचारु किया। गनीमत यह रही कि बारिश होने के कारण पैदल लोगों की आवाजाही पेड़ के नीचे से नहीं रही। नहीं तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। (एजेंसी)

# छात्र–छात्राओं को साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों पर दी महत्वपूर्ण जानकारी



अल्मोड़ा। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु द्वारा जनपद के सभी थाना/चौकी प्रभारियों व यातायात पुलिस को स्कूलों/कॉलेजों, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र–छात्राओं व जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को थाना सोमेश्वर की महिला उपनिरीक्षक मोनी टम्टा द्वारा जागरुकता अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय इंटर कॉलेज चनौदा, सोमेश्वर में छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देकर नियमों का हमेशा पालन करने हेतु कहा गया। नाबालिग बच्चों को बालिग होने तक वाहन नहीं चलाने व नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया। साईबर क्राईम के प्रति जागरूक करते हुए साइबर क्राइम के विभिन्न तरीकों की जानकारी देकर बचाव के तरीके बताए गए तथा बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए महिला संबंधी अपराधों, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी, सोशल मीडिया, गुड टच/बैड टच आदि की जानकारी देकर महिला सुरक्षा से संबंधित गौरा शक्ति फीचर के बारे में बताकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को समझाया और रजिस्ट्रेशन हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरांत उत्तराखण्ड पुलिस एप की सुविधाओं, हेल्पलाईन नंबर 112, साईबर क्राईम हेल्पलाईन नंबर–1930, महिला हेल्पलाईन नंबर–1090, सीएम हेल्पलाईन नंबर– 1905 व भ्रष्टाचार शिकायत नंबर 1064 की जानकारी देकर जागरुक किया गया।

## भाजपा ने लगातार बागेश्वर की उपेक्षा की

बागेश्वर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा विकास के नाम पर वोट मांग रही है। स्व. चंदन राम दास ने खरेही क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। डिग्री कॉलेज की स्थापना का सपना भी पूरा होगा। खरेही मंडल के अलावा नगर मंडल में भाजपा ने कई बैठकें आयोजित कीं। प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह स्व. दास के सपनों को आगे बढ़ाएं। उनके रुके हुए कार्य आगे बढ़ाएं जाएंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के लिए पूरी ताकत के साथ काम करने को कहा। प्रमोद मेहता आदि ने भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, शिव सिंह बिष्ट, हेमा रौतेला, पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल, रवि करायत, बसंती देव, कुंदन परिहार, प्रकाश साह, चंदन रावत, हयात मेहता, शंभू मिश्रा, मनीष टम्टा, मोहन रावत, महेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# कपकोट के पोथिंग में बिजली गुल



बागेश्वर। तहसील के पोथिंग गांव में दो दिन से बिजली गुल है। बिजली के अभाव में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों को मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए भी 15 किलोमीटर दूर भराड़ी बाजार आना पड़ रहा है। गांव के करीब पांच सौ लोग इस समस्या से परेशान हैं। गांव में पहले से जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। बिजली नहीं होने से समस्या दोगुनी हो गई है। ग्रामीणों ने जल्द आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। देर शाम एसडीओ ने बताया कि गांव में ब्रेकडाउन था। अब बिजली सुचारु कर दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को उनके गांव की बिजली गुल हो गई। इसके बाद गांव में अंधेरा पसर गया। लोगों ने अंधेरे में रात गुजारी। जबकि क्षेत्र में लंबे समय से जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। बिजली के अभाव में उनके मोबाइल फोन भी शोपीस बने हुए हैं। शुक्रवार सुबह लोगों ने 15 किमी दूर भराड़ी जाकर अपने मोबाइल चार्ज कराए। अन्य बिजली उपकरण भी ठप हैं। आटा चक्की से लेकर अन्य दैनिक उपयोग की मशीनों का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने जल्द बिजली सुचारु नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर, ऊर्जा निगम के एसडीओ एसएस भंडारी ने बताया कि भंडारी गांव के पास ट्रांसफार्मर से लाइन में ब्रेकडाउन था, उसे ठीक कर दिया गया है। गांव में आपूर्ति सुचारू हो गई है।

## बीबीसी रायकोट को हरा जीती फुटबॉल ट्रॉफी

चम्पावत। जीआईसी खेल मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। फाइनल मुकाबले में बीबीसी की टीम ने रायकोट को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि गीतांजलि संस्थान के अध्यक्ष सतीश पांडेय रहे।

विशिष्ट अतथि उत्तराखंड फुटबॉल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह मेहता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह माहरा, प्रधानाचार्य श्याम दत्त चौबे, फुटबॉल एसोसिएसन अध्यक्ष बृजेश सिंह माहरा, छत्र सिंह ढेक, कुलदीप देव और बसंत पंगरिया रहे। फाइनल मुकाबले में मध्यांतर तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



अल्मोड़ा। आगामी 22 अगस्त 2023 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों के लिए आज एक बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। कृमि मुक्ति दिवस के दौरान बच्चों को कृमि (पेट के कीड़े) से मुक्ति के लिए 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एलबेंडाजोल दवाई दिलाई जाएगी। यह दवाई आंगनबाड़ी केंद्र, एएनएम सेंटर तथा शिक्षण संस्थानों के माध्यम से दिलाई जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि बच्चों को नियमानुसार ही एलबेंडाजोल की खुराक दी जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा न छूटे। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए अपने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले संस्थानों में बच्चों को कृमि मुक्ति के लिए दिलाई जाने वाली दवा एलबेंडाजोल की खुराक दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि उक्त दवाई की उपलब्धता 22 अगस्त से पूर्व ही सभी शिक्षण संस्थानों में सुनिश्चित कर ली जाए।

## पुलिस प्रेक्षक गुनी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था

बागेश्वर। विधानसभा उप निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त पुलिस प्रेक्षक विशाल गुनी शुक्रवार को डिग्री कॉलेज पहुंचे। उन्होंने ईवीएम स्ट्रांग रूम और कलक्ट्रेट परिसर में स्थापित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने के निर्देश दिए।

पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम में प्रकाश व्यवस्था, मार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। सभी व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मतगणना दिवस पर ईवीएम स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक लाने और ले जाने को रूटचार्ट की भी जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने प्रेक्षक को विस्तृत जानकारियां दी।

# इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर यूकेडी ने की श्रद्धांजलि अर्पित




अल्मोड़ा। उत्तराखंड क्रांति दल जिला कार्यकारिणी अल्मोड़ा द्वारा उत्तराखंड के गांधी इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में इंद्रमणि बडोनी की जीवनी पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें दल के वरिष्ठ नेता गिरी चंद शाह ने कहा कि इंद्रमणि बडोनी जी अपने जीवन काल में बचपन से ही सामाजिक सेवा में कार्य करते रहे व शिक्षा के साथ–साथ उन्होंने अपने क्षेत्र के विकास के लिए कई सामाजिक कार्यों का निर्वाह किया।

उन्होंने कई स्कूलों की स्थापना की जो कि आज माध्यमिक और उच्च माध्यमिक श्रेणी में आते हैं। साथ ही उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत ग्राम प्रधान से हुई व उसके बाद ब्लॉक प्रमुख तथा 1967 में उत्तर प्रदेश विधानसभा में देवप्रयाग सीट से नेतृत्व किया। सन 1979 में उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय हुए और पूरे आंदोलन की बागडोर उनके हाथों में रही। आंदोलन को आगे बढ़ाने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका रही।

1994 में बीबीसी लंदन की एक पोस्ट में उन्हें पर्वत का गांधी की संज्ञा दी गई, जिसके बाद उन्हें उत्तराखंड का गांधी कहा जाने लगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश जोशी, गिरीश नाथ गोस्वामी, दीपक सिंह, संतोष कुमार आदि यूकेडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परितोष जोशी को मिला अल्मोड़ा कांग्रेस जिला महामंत्री प्रशासन का दायित्व



अल्मोड़ा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने जिला महामंत्री प्रशासन पद पर परितोष जोशी को प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर जिला महामंत्री प्रशासन नियुक्त किया है।

उनके मनोनयन पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष उमा बिष्ट, विधायक मदन बिष्ट, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र बाराकोटी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, विनोद वैष्णव, सेवादल अध्यक्ष दिनेश नेगी, जिला कांग्रेस महामंत्री संगठन त्रिलोचन जोशी, जिला महामंत्री गीता मेहरा, जिला महामंत्री दीवान सतवाल, लता तिवारी, रजनी टम्टा, प्रीति बिष्ट, जया जोशी, दीपा शाह, शरद शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, पूर्व दर्जा मंत्री पूरन रौतेला, रोहित रौतेला, मनोज पाठक, कन्नू चौधरी, तारु तिवारी, सिकन्दर पवार, ललित सतवाल, अमित बिष्ट, शोभा जोशी, प्रकाश रावत, दीप डांगी, कार्तिक शाह, उमेश गुरुरानी, सभासद सचिन टम्टा, जगमोहन बिष्ट, हेम चन्द्र तिवारी, राजेंद्र तिवारी, नीरज पवार, मनोज बिष्ट, रोहन आर्या गोविंद प्रसाद एनडी पांडेय, महेश चंद्र आर्या, मयंक बिष्ट आदि ने खुशी जाहिर की है।

## धार्मिक ज्ञान परीक्षा में 22 छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

रुद्रपुर। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी अमृतसर साहिब की धर्म प्रचार कमेटी अमृतसर साहिब की ओर से आयोजित धार्मिक ज्ञान परीक्षा में गुरुनानक इण्टर कॉलेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शुक्रवार को विद्यालय की ओर से समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित किया। धर्म प्रचार कमेटी की ओर से राज्य और यूपी के विद्यालयों में धार्मिक ज्ञान प्रतियोगिता की गयी थी। परीक्षा में गुरुनानक इण्टर कॉलेज के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य तरसेम सिंह ने बताया कि इस बार विद्यालय के 40 छात्रों ने भाग लिया था। इनमें से 22 छात्रों को 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल मिला है। इनमें से सात छात्रों को छात्रवृत्ति भी मिली है।

## मजदूरी मांगने पर दो लोगों ने की मारपीट, केस दर्ज

काशीपुर। मजदूरी के रुपये मांगने पर दो लोगों ने मजदूर को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जुड़का नंबर दो निवासी अरविंद पुत्र गंगासरन ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपनी मजदूरी के रुपये मांगने तीरथ पुत्र जयपाल के घर गया था। मजदूरी के रुपये मांगने पर कहासुनी हो गई। तो गुरनाम सिह ने उसके दोनो हाथ पीछे करके पकड लिये और तीरथ ने लाठी से उसको मारा पीटा। जिससे उसके सिर में गम्भीर चोटें आई है।

वह लहुलुहान हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी तीरथ व गुरनाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिला अस्पताल में लगा गंदगी का अंबार



चम्पावत। चम्पावत जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यहां कई जगहों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसका कारण अस्पताल में नियमित सफाई कर्मियों का न होना है। दरअसल, जिला अस्पताल में नियमित सफाई न होने से मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय और वार्ड में फैली गंदगी से संक्रमण फैलने का खतरा बन गया है। जिला अस्पताल में एक भी पर्यावरण मित्र का पद स्वीकृत नहीं है। दैनिक आधार पर आठ पर्यावरण मित्रों के भरोसे जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था चल रही है। यहां मरीजों के तीमारदार छत्तर सिंह, पुष्कर कुमार, रोहित ने बताया कि वार्ड के साथ शौचालयों में काफी गंदगी है। वार्ड में बेडशीट तक नहीं बदली गई है। मरीजों के नहाने की भी उचित व्यवस्था नहीं है। पीएमएस डॉ.प्रदीप बिष्ट ने बताया कि चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक में आउटसोर्सिंग से सफाई व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया है। जिस पर डीएम ने स्वीकृति दी है।

# कृषक गोष्ठी में गन्ने के रोगों और नियंत्रण के बारे में बताया

रुद्रपुर। गन्ना किसान प्रशिक्षण केन्द्र काशीपुर के तत्वावधान में गांव मोहम्मदपुर भूड़िया में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया। संस्थान के प्रभारी अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने गन्ने की उन्नतशील प्रजातियों की पहचान और उनके गुणदोष के बारे में कृषकों को बताया।

प्रभारी अधिकारी डॉ. संजय सिंह ने गन्ने में लगने वाले कीट रोग एवं उसके नियंत्रण के सम्बन्ध में कृषकों को अवगत कराया। गोष्ठी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उद्दल सिंह ने विभाग की योजनाओं के बारे में कृषकों को बताया। सचिव प्रभारी गांधी राम सिंह ने पेड़ी प्रबंधन और समिति के क्रिया कलापों के बारे में कृषकों को बताया। सहायक विकास अधिकारी निशा खोलिया ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) निधिराज सिंह ने कृषि विभाग की योजनाओं से कृषकों को अवगत कराया। हरिराज सिंह मार्केटिंग डेवलपमेंट इफको ने इफको एमसीके कीटनाशक / फंफूद नाशक उत्पादों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। गोष्ठी की अध्यक्षता ग्राम प्रधान नरेन्द्र सिंह व संचालन अनुदेशक राजेश कुमार द्वारा किया गया। गोष्ठी में ब्लाक प्रभारी खटीमा फारुख हयात सिद्दीकी, गन्ना पर्यवेक्षक संजय कनौजिया, शिवकुमार सागर, देवेन्द्र सिंह यादव,अशोक कुमार, अमरीक सिंह, सचिन, अनिल कुमार, राम प्रसाद, दूधनाथ, संतोष इत्यादि उपस्थित रहे।

## युवक पर हमले की रिपोर्ट 11 माह बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज

रुद्रपुर। पुलिस घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करने में कितनी सजग है, ये एक मारपीट की घटना से उजागर होता है। पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 11 माह दर्ज की है। विम स्कॉयर निवासी सिद्धार्थ के चाचा का प्रीत विहार निवासी निहाल सुमन, विक्रांत, आशीष आदि से विवाद चल रहा था। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मुकदमे को वापस करने के लिए आरोपी दबाव बना रहे थे।

# नियमों का उल्लंघन करने पर 123 लोगों पर हुई चालानी कार्यवाही



अल्मोड़ा। जनपद के एसएसपी रामचंद्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों व निरीक्षक, उपनिरीक्षक यातायात, प्रभारी इंटरसेप्टर को ऑपरेशन मर्यादा के तहत सार्वजनिक स्थान, पर्यटक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग, गंदगी करने व यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्राप्त निर्देशों पर अल्मोड़ा पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, बिना नंबर प्लेट, दोषपूर्ण नंबर प्लेट का प्रयोग सहित अन्य तरीकों से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 108 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 58,500 रूपये जुर्माना वसूला गया। चेकिंग अभियान के दौरान ही ऑपरेशन मर्यादा के तहत सार्वजनिक एवं पर्यटक स्थलों के आस– पास शराब पीकर हुडदंग करने और गंदगी करने पर 15 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्यवाही कर 3,800 रूपये जुर्माना वसूला गया।

# वार्ड बॉय को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



अल्मोड़ा। जागेश्वर विधानसभा के जैंती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैंती में कार्यरत पूरन सिंह बिष्ट को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति पर आयोजित सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा उन्होंने इस क्षेत्र के लिए बहुत ही उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं दी, उनका कार्य उत्कृष्ट और सराहनीय है। इस क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई डॉक्टर्स आए लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड बॉय के पद पर कार्यरत रहते हुए जो सेवाएं पूरन सिंह बिष्ट ने दी हैं उसके लिए समस्त क्षेत्रवासी उनका आभार व्यक्त करते हैं। इसी क्रम में क्षेत्र वासियों की तरफ से एक विदाई समारोह का कार्यक्रम तय किया गया। जिसमें रमेश सिंह बिष्ट ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पुभाऊ गोपाल मेहरा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष जागेश्वर, चन्दन सिंह बिष्ट, पान सिंह, प्रदीप बिष्ट, दिलीप राम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैंती की डॉक्टर निहारिका रावत, फार्मासिस्ट पवन पवार, स्टाफ नर्स भावना बोरा, सोनी बिष्ट, लैब टेक्नीशियन त्रिभुज नेगी उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में 24 ने किया रक्तदान

रुद्रपुर। शहीद उधम सिंह मैमोरियल ब्लड सेंटर की ओर से नानकमत्ता स्थित डेरा कार सेवा में शैक्षिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में श्री गुरु नानकदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीता मेहता एवं एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ. इंदु बाला और अमृतपाल कौर की उपस्थिति में स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं ने 24 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने भी रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान सभी दानों में श्रेष्ठ दान है, रक्तदान महादान है ।

# लूट के छह आरोपियों को पांच–पांच साल की सजा

रुद्रपुर। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानो ने घर में घुसकर लूटपाट करने के आरोपियों को 5–5 वर्ष के कठोर कारावास और पांच–पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। ओबीसी बैंक पंतनगर के सामने रहने वाले कश्मीरी लाल ने पंतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सात अगस्त 2015 की शाम मटकोटा फार्म स्थित अपनी किराने की दुकान को बंद कर घर चले गए। खाना खाने के बाद करीब 10 बजे वह पत्नी कमला देवी और पुत्र सोनू के साथ टीवी देख रहे थे। इसी बीच बाहर से सोनू–सोनू की आवाज आई तो उनकी पत्नी ने जाकर दरवाजा खोला। 5–6 लोग तमंचे लिए हुए अंदर घुस आए और बोले कि जितने पैसे और जेवर हैं, सब निकालकर दे दो, वरना जान से मार देंगे। विरोध के बावजूद उन बदमाशों ने अलमारी में रखे 15 हजार रुपये और पर्स लूट लिए। इसी बीच पुत्र सोनू बदमाशों की नजर बचाकर घर से बाहर निकल गया और शोर मचा दिया। आसपास के लोगों को आता देख बदमाश तमंचे लहराते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्त में आए मोनू सिंह उर्फ मोनू राठौर पुत्र धनपाल सिंह निवासी–रमता भूते थाना सिरौली ज़िला बरेली (यूपी), नितिन पटेल उर्फ देवराज पुत्र बेगराज निवासी सिरकुनियां थाना बिथरी चैनपुर जिला बरेली, राजबाबू पुत्र शिवदयाल सिंह निवासी खाईखेड़ा थाना भूसा ज़िला बरेली, जयप्रकाश पुत्र भीम सिंह निवासी चुरैला थाना बहेड़ी ज़िला बरेली, हरेन्द्र सिंह पुत्र लालाराम निवासी भगवतीपुर थाना बिखरी चैनपुर ज़िला बरेली के पास से एक–एक तमंचा व लूटी गई नगदी के कुछ रुपये और कान्ता प्रसाद पुत्र नत्थूलाल निवासी ग्राम राठ थाना देवरनियां बरेली के पास से एक चाकू बरामद हुआ।

# स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका की टीम ने चलाया अभियान, 102 घरों व कार्यालयों का किया सर्वे



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : बरसात के मौसम में डेंगू रोग की आशंका के खात्में को लेकर चल रहे अभियान के तहत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा सुविधानगर क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन व जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत टीम द्वारा सुविधानगर के 102 घरों व इस क्षेत्र में स्थित सरकारी दफ्तरों का निरीक्षण कर सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान डेंगू बुखार का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एचसीएस मर्तोलया के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा सुविधानगर में जिला चिकित्सालय, पोस्ट ऑफिस, पुलिस कार्यालय परिसर, रूद्रा काम्पलेक्स परिसर के साथ-साथ सुविधानगर क्षेत्र में जिला चिकित्सालय आवासीय कॉलोनी सहित 102 घरों का भ्रमण किया गया। इसके अतिरिक्त सुविधानगर क्षेत्र में दुकानों में भी व्यापारियों से संपर्क किया गया। इस दौरान टीम ने घरों में पानी की टेंक का निरीक्षण किया।

साथ ही टायर, गमलों, फ्रीज ट्रे आदि उन वर्तनों से पानी साफ करवाया जहां डेंगू के मच्छर के पनपने की आशंका होती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि रूके हुए पानी में डेंगू का मच्छर पनपने की आशंका बनी रहती है, लिहाजा डेंगू से बचने के लिए सबसे अच्छा उपाय यह है कि डेंगू के मच्छर को पनपने ही न दें, इसके लिए घरों, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों के आस-पास पानी एकत्रित न होने दें। उन्होंने जल भंडारण की वस्तुओं को ढक कर रखने, कूलर, फूलदान, टंकी आदि ऐसी चीजें जहां पानी एकत्र हो सकता है वहां पानी एकत्र न होने दें व इन स्थानों पर सप्ताह में एक बार सफाई करने तथा डेंगू के मच्छर से बचाव हेतु पूरी बांहों वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी, मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे आदि का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने लोगों से प्रत्येक रविवार को दस बजे अपने घरों व आसपास मात्र दस मिनट जल भंडारण के सभी संभावित स्थानों की सफाई करने की अपील की। लार्वा निरोधक दल में डॉ. शाकिब हुसैन, माइक्रोबॉयोलाजिस्ट मोहित, एएनएम दीपिका, आशा फेसिलिटेटर आशा पुरोहित, आशा कार्यकत्री आशा, गुड्डी, दीपा आदि मौजूद रहे।

# नई पीढ़ी के लिए सहाकारिता का विशेष महत्व : धामी



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को दून विश्वविद्यालय में सहकार भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक और साहित्यिक महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी के लिए सहकारिता का बहुत महत्व है, क्योंकि आज की पीढ़ी जल्द स्वावलंबी बनना चाहती है। इसीलिए सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया।मुख्यमंत्री ने सहकार भारती के संस्थापक स्व. लक्ष्मणराव इनामदार का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने मूकसाधक की भांति राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जिया और देश में सहकारिता आंदोलन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी स्थापना से ही सहकार भारती ने सहकारिता आंदोलन को राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में प्रशंसनीय कार्य किया है और हमेशा अपने कार्यों से यह प्रयास किया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता में स्पर्धा की बजाए सहयोग की भावना रहनी चाहिए, क्योंकि सहकारिता किसी पर उपकार नहीं बल्कि एक दूसरे को स्वावलंबी बनाने का कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता विभाग व उससे सम्बन्धित समस्त संस्थाओं का उद्देश्य न केवल कृषकों को सस्ते ऋण की सुविधा प्रदान कराना है, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी निर्बल और निर्धन वर्ग को सशक्त बनाते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत करना भी है। सहकार भारती सहकारिता और सहकारी समितियों का एकमात्र अखिल भारतीय संगठन है। अपने मिशन के अनुसरण में सहकार भारती आत्मनिर्भर सहकारी संस्थानों के निर्माण के लिए जनता को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# कभी भी हिंसा का सहारा न लें : एडीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। सदभावना दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने क्लेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों को सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों में राष्ट्रीय एकीकरण और साम्प्रदायिक सौहार्द लाते हुए हिंसा को समाप्त करने एवं लोगों में सदभावना का संवर्धन करने की शपथ दिलाई। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि हम सबको एक टीम भावना से आगे बढ़ना है और कभी भी हिंसा का सहारा नहीं लेना है। कहा कि एकता व सदभाव से ही कार्यशैली में सुधार आता है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आनंद सिंह, जिला कार्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदन बनकोटी सहित क्लेक्ट्रेट के सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. सोनम सम्मानित

काशीपुर। एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनम जैन को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया है। उनके नाम की संस्तुति सीएमएस डॉ. खेमपाल ने की थी। स्वतंत्रता दिवस पर रुद्रपुर मुख्यालय में सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया।

उनकी इस उपलब्धि पर डॉ. रवि सहोता, डॉ. गुरुपाल सहोता, डॉ. नवप्रीत सहोता, डॉ. शतरंज्य शर्मा, डॉ. यशपाल रावत, कैलाश उप्रेती, डॉ. भारती गहतोड़ी, डॉ. तरुण सोलंकी, महापौर उषा चौधरी, मुक्ता सिंह व अंतरराष्ट्रीय एथलीट विजेंद्र चौधरी आदि ने बधाई दी।

# कार्मिकों ने लिया सौहार्द बनाए रखने का संकल्प



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखने के उद्देश्य से सद्भावना दिवस पर जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने कलेक्ट्रेट परिसर में शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारी-कार्मिकों ने आपसी सौहार्द्र बनाए रखने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय संविधान के तहत देश में कानून का सम्मान रखते हुए सभी को सम्मानजनक जीवन यापन करने का अधिकार है। ऐसे में आपसी सौहार्द्र की भावना जाग्रत हो, इसके लिए राष्ट्रीय सद्भावना दिवस मनाया जाता है।

सद्भावना दिवस पर कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने कार्मिकों को आपसी सौहार्द्र बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों में राष्ट्रीय एकीकरण और सांप्रदायिक सौहार्द्र का संवर्धन करना चाहिए। सद्भावना दिवस मनाने के पीछे मुख्य विचार हिंसा को समाप्त करना देश की कौमी एकता अखंडता को बरकरार रखना है। कहा कि भाषा का भेदभाव किए बिना सभी नागरिकों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी दीपाली शाह, आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, सूचना अधिकारी रती लाल शाह, वैयक्तिक अधिकारी ओमप्रकाश बिष्ट, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीएम के कोटद्वार दौरे के दौरान फोन पर बात करना अधिकारी को पड़ा भारी



नई टिहरी : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कोटद्वार दौरे के दौरान फोन पर बात करना पुलिस अधिकारी को भारी पड़ गया। इस मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने ऐक्शन लिया है। सीएम के दौरे के दौरान लापरवाही बरतने के मामले में पुलिस अधिकारी को टिहरी के नरेंद्रनगर स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर भेज दिया गया है। जबकि जया बलूनी को पौड़ी का चार्ज दिया गया है।

दरअसल, 14 अगस्त को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कोटद्वार में आपदा क्षेत्र के दौरे पर थे। उस दौरान क्षेत्र के ही एक पुलिस अधिकारी फोन पर बात कर रहे थे। उनके द्वारा फोन पर बात उस वक्त की जा रही थी, जब मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से उतारकर उनके पास से गुजर रहे थे। प्रोटोकॉल के हिसाब से मुख्यमंत्री के साथ अधिकारी को होना था, लेकिन इस दौरान वे लगातार फोन पर बात कर रहे थे, जो उन्हें भारी पड़ गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने पुलिस मुख्यालय से इस मामले की शिकायत की। इसके बाद अधिकारी पर ऐक्शन हुआ है। पौड़ी के पुलिस अधिकारी को हटाकर नरेंद्र नगर पीटीसी (पुलिस ट्रेनिंग सेंटर) भेजा जा रहा है। सुयाल का टिहरी गढ़वाल के नरेंद्र नगर में पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज (पीटीसी) में ट्रांसफर का आदेश 17 अगस्त की शाम को आया। पुलिस मुख्यालय की एएसपी जया बलोनी को कोटद्वार का नया एएसपी नियुक्त किया गया है। राज्य गृह विभाग द्वारा ट्रांसफर के आदेश में देखा गया कि इसमें किसी भी कारण का उल्लेख नहीं किया गया है। सुयाल इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी साझा नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ह्यमैं शाम तक नई पोस्टिंग ज्वाइन कर लूंगा।ह्ल सुयाल के करीबी एक पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ह्यअल्प सूचना पर उन्हें सीएम धामी के आगमन के बारे में सूचित किया गया था। इसलिए हम हेलीपैड पर (प्रोटोकॉल के अनुसार) उन्हें लेने के लिए दौड़े। हमें शून्य यातायात सुनिश्चित करना था और भीड़ प्रबंधन जैसी अन्य व्यवस्थाएं करनी थीं क्योंकि स्थानीय लोग पहले से ही आपदा प्रबंधन से नाराज थे। वह (सुयाल) इस संबंध में महत्वपूर्ण कॉल कर रहे होंगे।ह्ल कोटद्वार में इस मानसून सीजन में बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण व्यापक क्षति देखी गई है। इस महीने की शुरुआत में भारी बारिश के बाद विभिन्न इलाकों में कई घर कीचड़ और पानी से भर गए थे। मालन नदी सहित नदियों पर बने पुल ढह गए, जिससे सड़क संपर्क प्रभावित हुआ।

## तल्ला पालबिलौना में गुलदार का आतंक

चम्पावत। तल्ला पालबिलौना में गुलदार का आतंक चल रहा है। बीते एक सप्ताह में गुलदार तीन गाय को मौत के घाट उतार चुका है। ताजा घटना में शुक्रवार को गुलदार ने एक बछिया को निवाला बना लिया। ग्रामीणों ने गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। स्थानीय निवासी दिनेश बोहरा ने बताया कि बीते एक सप्ताह में गुलदार ने तीन गायों को निवाला बना लिया है। बताया कि शुक्रवार को झालाकुड़ी निवासी खड़क सिंह की बछिया को मौत के घाट उतार दिया। इससे पहले गुलदार फकीर सिंह चौहान और किशन सिंह चौहान की गाय को भी मार चुका है। बताया कि गुलदार से ग्रामीणों को भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीण नारायण सिंह चौहान, आलम सिंह, पुष्कर सिंह, जोगा सिंह चौहान, महेंद्र सिंह चौहान आदि ने गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# आपदा प्रभावितों से मिले विधायक, सुनी समस्याएं

चमोली : बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेन्द्र भंडारी ने आपदा प्रभावित नैणी, काणा, मवाल्ठा, थली, खण्डरा, कौंज-पोथनी और बेलधार क्षेत्र के गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर विधायक ने प्रभावितों से मिलकर उनका दुःख दर्द जाना और आपदा प्रभावित गांवों में परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं भी सुनीं। विधायक राजेन्द्र भंडारी ने प्रभावितों को हर संभव शासन और प्रशासन से वार्ता कर मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता करते हुए शीघ्र आपदा प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़क, संपर्क मार्ग, बिजली, पानी की व्यवस्थाओं को शीर्ष प्राथमिकता पर सुचारु करने को कहा गया। मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर पर्याप्त संख्या में मजदूर और मशीनें लगाते हुए संपर्क मार्गों और प्रत्येक प्रभावित परिवारों को शीघ्र राशन किट देने व पशुओं को चारा छोटे बच्चों को दूध इत्यादि की व्यवस्था करने को कहा। विधायक भंडारी ने प्रशासन से प्रभावित परिवारों की भोजन की उचित व्यवस्था कर प्रभावित लोगों का समय समय पर चिकित्सा सुविधा भी पहुंचाए जाने को लेकर वार्ता की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, हरेन्द्र राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंन्द्र नेगी, पुष्कर झिंक्वाण, विक्रम रावत, बलवन्त सिंह, जगदीश,दिलवर भण्डारी प्रधान कुंजों मैकोट, दर्शन भण्डारी, हरीश झिंक्वाण, भरत सिंह कुंवर, बाल सिंह, प्रेम सिंह, फतेह सिंह, शिशुपाल, दिनेश झिंक्वाण और महेंन्द्र झिंक्वाण मौजूद रहे। (एजेंसी)

# 17 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए भेजे लैब

नई टिहरी : खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने चंबा-मसूरी हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाकर बाहरी जिलों से आने वाले दुग्ध, डेयरी आदि सामान का वाहनों में ही निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने संदेह के आधार पर 17 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए लैब को भेजने के साथ पांच दुकानदारों के पास लाइसेंस और फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड न होने पर नोटिस जारी किया गया है। शुक्रवार को जिला अभिहित अधिकारी आरएस पाल के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत चौहान, शारदा शर्मा, श्रीचंद कुमाईं, जयेंद्र सिंह की टीम ने चंबा, जड़ीपानी, काणाताला, सुरकंडा, धनोल्टी आदि क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर दुकानों में फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगाने, लाइसेंस रखने और दुकानों में साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन की टीम ने दूध के 10, बैकरी 2, पनीर, मसाला, बेसन, आटा, सरसों के एक-एक सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। पांच दुकानों में साफ–सफाई न मिलने पर संबधिंत दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया, अभिहित अधिकारी ने बताया कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

## मजदूरी मांगने पर की मारपीट, दो पर केस

काशीपुर। मजदूरी के रुपये मांगने पर दो लोगों ने एक मजदूर को मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम जुड़का नंबर दो निवासी अरविंद पुत्र गंगासरन ने कुंडेश्वरी चौकी में तहरीर देकर कहा कि वह अपनी मजदूरी के रुपये मांगने तीरथ पुत्र जयपाल के घर गया था। जहां मजदूरी की रकम मांगने पर उसकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि गुरनाम ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और तीरथ ने लाठी से उसे बुरी तरह पीटा। इससे उसे सिर में गम्भीर चोटें आई हैं।

# राहत कार्यों में जुटी प्रशासन की टीम, 102 परिवारों को बांटी राहत राशि



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद के आपदा प्रभावित गांवों में प्रशासन की टीम राहत कार्यो में जुटी है। आपदा प्रभावित गांव कीरूली, कांडा, कौंजपोथनी, महेरगांव, अगथला, बाटुला, गडोरा, नौरख इत्यादि गांवों के 102 परिवारों को अहेतुक सहायता के रूप में प्रति परिवार 5000 की दर से 5.10 लाख की राहत धनराशि का वितरण किया गया है।प्रभावित गांवों में राशन किट वितरण के साथ ही चिकित्सकों की टीम निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर रही है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर मजदूर लगाकर प्रभावित लोगों के घरों से मलबा साफ करवाया जा रहा है। विद्युत व पेयजल सप्लाई को सुचारू करने का काम जारी है। जल संस्थान द्वारा टैंकरों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। राहत शिविरों में ठहराए गए प्रभावित लोगों की भोजन व्यवस्था हेतु निःशुल्क कैंटीन सुविधा संचालित की गई है। राहत शिविरों में छोटे बच्चों को दूध एवं पोषाहार भी वितरण किया जा रहा है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का जन्म 23-11-2006 को हुआ था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अनुराधा भूलवश अंकित हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम निशा है। अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम निशा अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए।

**ममता पत्नी कैलाश चन्द्र निवासी उमरावपुर, किशनपुरी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


# नैनबाग महाविद्यालय में एमए की कक्षाओं की मिली स्वीकृति, लोगों ने जताई खुशी

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में एमए कक्षाओं की स्वीकृति मिलने पर छात्र संघ के साथ क्षेत्र के लोगों खुशी जताई है, लंबे समय से स्थानीय लोग महाविद्यालय में एमए कक्षाओं की स्वीकृति की मांग करते आ रहे थे। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सुभाष रमोला ने बताया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और महाविद्यालय छात्र संघ लंबे समय से एमए की कक्षाओं को शुरू करने की मांग करते आ रहे थे। अध्यक्ष ने कहा कि उच्च शिक्षा डॉ. मंत्री धन सिंह रावत ने स्थानीय लोगों की मांग पर महाविद्यालय में एमए कक्षाओं की स्वीकृति प्रदान की है। शुक्रवार को नैनबाग महाविद्यालय आयोजित खेल कूद एवं संस्कृति विकास समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री को पहुंचना था, लेकिन वह नहीं आ पाये, उन्होंने दूरभाष से महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं की स्वीकृति की घोषणा की। अध्यक्ष ने कहा कि गरीब छात्र छात्राओं को अब स्नातकोत्तर पढ़ाई करने लिये मसूरी और देहरादून का रुख नहीं करना पड़ेगा। बताया जल्द महाविद्यालय में एमए हिंदी, इतिहास और समाजशास्त्र की कक्षाऐं संचालित होगी। उन्होंने जौनपुर क्षेत्र की जनता की ओर से शिक्षा मंत्री का आभार जताया है। महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष अर्जुन कैंतुरा, महेश तोमर के साथ अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री और सुभाष रमोला का आभार व्यक्त करते हुये महाविद्यालय में मिष्ठान वितरण किया। (एजेंसी)

## नगर पालिका में मनाया सदभावना दिवस, शपथ दिलाई

काशीपुर। सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को नगर पालिका में ईओ शाहिद अली ने कार्मिकों को सद्भावना की शपथ दिलाई। ईओ ने कहा कि प्रतिवर्ष 20 अगस्त को सरकारी दफ्तरों में सद्भावना दिवस मनाया जाता है।

# कपकोट के पोथिंग में बिजली गुल

बागेश्वर। तहसील के पोथिंग गांव में दो दिन से बिजली गुल है। बिजली के अभाव में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए भी 15 किलोमीटर दूर भराड़ी बाजार आना पड़ रहा है। गांव के करीब पांच सौ लोग इस समस्या से परेशान हैं। गांव में पहले से जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। बिजली नहीं होने से समस्या दोगुनी हो गई है। ग्रामीणों ने जल्द आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। देर शाम एसडीओ ने बताया कि गांव में ब्रेकडाउन था। अब बिजली सुचारु कर दी गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को उनके गांव की बिजली गुल हो गई। इसके बाद गांव में अंधेरा पसर गया। लोगों ने अंधेरे में रात गुजारी। जबकि क्षेत्र में लंबे समय से जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। बिजली के अभाव में उनके मोबाइल फोन भी शोपीस बने हुए हैं। शुक्रवार सुबह लोगों ने 15 किमी दूर भराड़ी जाकर अपने मोबाइल चार्ज कराए। अन्य बिजली उपकरण भी ठप हैं। आटा चक्की से लेकर अन्य दैनिक उपयोग की मशीनों का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने जल्द बिजली सुचारु नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर, ऊर्जा निगम के एसडीओ एसएस भंडारी ने बताया कि भंडारी गांव के पास ट्रांसफार्मर से लाइन में ब्रेकडाउन था, उसे ठीक कर दिया गया है। गांव में आपूर्ति सुचारू हो गई है।


G20

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 144RT4-Tele-SNT-MB इम्प्रूवमेंट ऑफ़ कम्युनिकेशन बय रेप्लासिंग डिफेक्टिव क्वैड केबल ओवर मुरादाबाद डिवीज़न अंडर एडीएसटीई मुरादाबाद | 2675000.00 | 53500.00 | Nil | 11.09.2023 15:00 hrs |
| 2 | 14-SNT-Sig-LakhanPh2-2022 रेमोडलिंग ऑफ़ लाखन स्टेशन इन फेज 2 ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 24219059.05 | 271100.00 | Nil | 11.09.2023 15:00 hrs |
| 3 | 01-SNT-CombinedCivilWork प्रोविजन ऑफ़ एस एंड टी वर्क इन सी/डब्लू वेरियस सिविल वर्क लाइन टी टी आर, टी आर आर, टी एस आर, सी टी आर etc ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 11624719.30 | 208100.00 | Nil | 11.09.2023 15:00 hrs |
| 4 | 01-SIG-SNT-MB-2020-21 प्रोविजन ऑफ़ डयूल डिटेक्शन एंड यु ऍफ़ एस बी आई वोर्किंग इन एक्सिस्टिंग आई बी एस वोर्किंग ओन 6 क्वैड केबल एंड यू ए सी इन बरेली – लखनऊ सेक्शन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 13173134.64 | 215900.00 | Nil | 11.09.2023 15:00 hrs |

नोट :– निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना 144,14,01,01/Sig/Tele/SNT/MB दि0 17.08.2023 2553/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

# प्राइमरी में बीएड को अलविदा

बीएड कर सरकारी स्कूलों में नौकरी का सपना संजोने वाले बेरोजगारों को बड़ा झटका लगा है जिसके तहत प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए अब उनकी बीएड की डिग्री काम नहीं आएगी। राज्य के प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए डीएलएड करना जरूरी होगा। सुप्रीम कोर्ट के हाल ही में आए आदेश के बाद बीएड धारकों के लिए प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ने का रास्ता बंद हो गया है। अब या तो बीएड डिग्री धारक प्राइमरी से ऊपर की कक्षाओं के लिए आवेदन करेंगे या फिर डीएलएड का कोर्स करने के लिए अपने कुछ साल और बर्बाद करेंगे। डीएलएड करने में भी एक बड़ी दिक्कत यह है कि राज्य के निजी बीएड कॉलेज में डीएलएड की पढ़ाई उपलब्ध नहीं है। कुछ संगठनों ने राज्य सरकार से गुहार लगाई है कि निजी बीएड कॉलेजों में भी डीएलएड की पढ़ाई शुरू करने को हरी झंडी दे, ताकि डीएलएड की मांग बढ़ने के मद्देनजर युवा दूसरे राज्यों को पलायन न करें। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन डीएलएड वाले ही मान्य होंगे, बीएड धारकों के लिए एक बड़ा झटका है। उत्तराखंड सरकार अपने 13 जिलों में डीएलएड कोर्स चल रही है जिसमें केवल 650 छात्र ही हर साल प्रवेश पाते हैं। यह संख्या आवेदन करने वालों के मुकाबले काफी कम है और कई अभ्यर्थी आवेदन के बावजूद प्रवेश नहीं पाते हैं। लिहाजा यह जरूरी है कि निजी कॉलेजों में डीएलएड कोर्स संचालन की अनुमति दी जानी चाहिए लेकिन पूर्व में यह मांग उठने के बावजूद भी निजी कॉलेजों में डीएलएड का कोर्स शुरू नहीं हो पाया। निजी कॉलेजों में डीएलएड का कोर्स ना होने के कारण प्रदेश का युवा दूसरे राज्यों में इस कोर्स को करने के लिए विवश है, राज्य सरकार को अब इस दिशा में जल्द से जल्द युवाओं के हित में फैसला लेना होगा ताकि उत्तराखंड में ही लोग निजी कॉलेजों में डीएलएड की शिक्षा ले सके। राज्य सरकार को जल्द से जल्द प्राइमरी शिक्षा में डीएलएड की अनिवार्यता के बाद निजी कॉलेजों को इस कोर्स को चलाने के संचालन की प्रक्रिया को पूरा करना चाहिए।

पूर्व में बीटीसी के माध्यम से प्राइमरी कक्षाओं में वरीयता के आधार पर नियुक्तियां की जाती थी लेकिन बीटीसी का कोर्स भी बंद हो चुका है और इस उपाधि के कई धारकों को भी प्राइमरी शिक्षकों के रूप में समायोजित नहीं किया जा सका है। शिक्षा के आयाम बदलने के साथ–साथ ही उपाधियों की योग्यता भी बदली है और पुराने पैटर्न को बदलाव की दिशा में ले जाते हुए नई उपाधियां नियुक्ति के लिए नियत की गई है। हालांकि यह जरूरी है कि किसी भी वर्ग की कक्षा में पढ़ने के लिए जो भी उपाधि अनिवार्य हो उसकी शिक्षा प्रदेश के युवाओं को राज्य सरकार अपने ही राज्य में उपलब्ध कराई जाए।

# मोदी के आत्मविश्वास का कारण क्या है?



**प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में विश्वगुरू की बजाय विश्वमित्र या विश्व के अटूट साथी का जुमला बोला। यह पिछले कई बरसों से बनाए जा रहे नैरेटिव का हिस्सा है, जिसमें बार बार कहा जाता है कि मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का महत्व बढ़ा है और दुनिया अब भारत को पहले से ज्यादा सम्मान से देखती है। मोदी ने अपने भाषण में बताया कि कैसे दुनिया भारत के विकास को लेकर चमत्कृत है और भारत के साथ जुडऩा चाहती है। उन्होंने कहा कि जैसे दूसरे महायुद्ध के बाद एक नई विश्व व्यवस्था बनी थी वैसे ही कोराना के बाद एक नया वर्ल्ड ऑर्डर बन रहा है, जिसमें भारत का अहम स्थान है और यह उनकी वजह से संभव हुआ है। सोचें, इस पैमाने पर मोदी के मुकाबले विपक्ष के पास कौन नेता है?**

**अजीत द्विवेदी**

विपक्षी पार्टियां इसे अहंकार कह रही हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों को अपनी बात कहने के लिए भले लाल किले का मंच नहीं मिला है लेकिन हर मंच से वे कह रही हैं कि अगली बार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनेगी। अगर विपक्ष का यह कहना कि अगली बार हमारी सरकार बनेगी अहंकार नहीं है तो मोदी का यह कहना कि हम फिर लाल किले से झंडा फहराएंगे अहंकार कैसे है?

असल में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर नरेंद्र मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

अब सवाल है कि मोदी के इस आत्मविश्वास का क्या कारण है? किस आधार पर उन्होंने लाल किले से यह ऐलान कर दिया कि अगली बार भी वे झंडा फहराएंगे और अपनी उपलब्धियां बताएंगे? इस सवाल का जवाब लाल किले पर दिए उनके 10वें भाषण से ही मिलता है। उन्होंने अपने 10वें भाषण से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव का एजेंडा तो तय किया ही साथ ही भाजपा की ओर से पिछले 10 साल में बनाए जा रहे लोकप्रिय विमर्श को बहुत बड़ा विस्तार दे दिया। पिछले साल यानी आजादी के अमृतवर्ष में लाल किले से प्रधानमंत्री मोदी ने 25 साल का विजन रखा था। उन्होंने कहा था कि अगले 25 साल अमृत काल के हैं और 2047 में जब देश की आजादी के एक सौ साल पूरे होंगे तब तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। एक साल के बाद उन्होंने इस 25 साल को अगले एक हजार साल के स्वर्णिम और भव्य भारत के निर्माण की आधारशिला बनाने वाले वर्षों में तब्दील कर दिया। उन्होंने अपने या अपनी पार्टी के लिए सिर्फ अगला कार्यकाल नहीं मांगा है, बल्कि अगले 25 साल यानी पांच कार्यकाल मांगे हैं। ताकि उस अवधि में ऐसे फैसले किए जा सकें, जिनसे स्वर्णिम और भव्य भारत का निर्माण हो।

इसका मतलब है कि अब भारत को सिर्फ विकसित राष्ट्र नहीं बनाना है। विकसित राष्ट्र तो दुनिया में बहुत से हैं। अब वैसा स्वर्णिम और भव्य भारत बनाना है, जो एक हजार साल की गुलामी से पहले था। प्रधानमंत्री ने बहुत बारीक तरीके से यह बात कही। पहले उन्होंने एक हजार साल की गुलामी का जिक्रकिया, जिसका नैरेटिव राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की ओर से दशकों से बनाया जाता रहा है। एक हजार साल की गुलामी का मतलब है आठ सौ साल मुसलमान शासकों की गुलामी और दो सौ साल अंग्रेजों की गुलामी। इसका जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक हजार साल पहले एक छोटे से राज्य में एक राजा की पराजय हुई थी और उस हार ने एक हजार साल के लिए भारत की गुलामी का भविष्य तय कर दिया था। उनके यह कहानी बताने का मकसद यह था कि फिर वैसी हार नहीं होनी चाहिए, जिससे गुलामी का भविष्य बने। इस नैरेटिव का दूसरा पहलू यह है कि एक हजार साल की गुलामी से पहले का भारत कैसा था? वह स्वर्णिम था, भव्य था और उसमें मुस्लिम, ईसाई, सिख कोई नहीं था। वह आर्थिक रूप से समृद्ध एक हिंदू राष्ट्र था।

प्रधानमंत्री ने एक हजार साल की गुलामी का इतिहास और अगले हजार साल के भविष्य का नैरेटिव सेट करने के तुरंत बाद युवा शक्ति की बात की। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं के सामने ऐसा अवसर है, जैसा कभी किसी के आगे नहीं रहा होगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद भी जताई कि युवा इस अवसर को गंवाएंगे नहीं। वे चाहे जिस संदर्भ में युवाओं के अवसर की बात कर रहे हों लेकिन असल अपील यह थी कि युवाओं के सामने फिर से मोदी सरकार चुनने का अवसर का है।

ध्यान रहे पिछले 10 साल में देश के युवाओं के बड़े समूह को कई तरह के प्रचार, नैरेटिव और सोशल मीडिया के जरिए समझाया गया है कि मोदी के कार्यकाल में भारत का वैभव बढ़ रहा है और हिंदू राष्ट्र बनाने का वास्तविक अवसर सामने है। उस अवसर को हाथ से नहीं जाने देना है। उन युवाओं को एक हजार साल में स्वर्णिम, भव्य और गौरवशाली भारत बनाने का सपना आकर्षित करेगा। ध्यान रहे मोदी उम्मीदों या आकांक्षाओं की राजनीति करने में सबसे माहिर राजनेता हैं। इससे पहले के दोनों चुनाव अभियान में उन्होंने देश के लोगों की आकांक्षाओं को बहुत अच्छे तरीके से इस्तेमाल किया। अब उन्होंने नई आकांक्षाएं पैदा कर दी हैं, जिनके बारे में उनका दावा है कि उन्हें वे ही पूरा कर सकते हैं।

उनके आत्मविश्वास को जाहिर करने वाली दूसरी अहम बात उनके भाषण में यह थी कि उन्होंने 2014 और 2019 के चुनावों में भाजपा को मिले पूर्ण बहुमत का जिक्रकिया और कहा कि उससे पहले की 30 साल की राजनीतिक अस्थिरता से सबक सीख कर देश के लोगों ने स्थिर सरकार चुनी थी। मोदी ने कहा कि लोगों ने पूर्ण बहुमत की सरकार फॉर्म की तो सरकार को रिफॉर्म करने की हिम्मत मिली, जिससे देश ट्रांसफॉर्म हुआ। इसके कंट्रास्ट में दूसरी ओर देखेंगे तो अपने आप इस नैरेटिव का महत्व समझ में आएगा। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में कोई पार्टी ऐसी नहीं दिख रही है, जो बहुमत के आसपास भी पहुंच सके। 1991 के बाद पिछले 32 साल में कांग्रेस का सबसे अच्छा प्रदर्शन 207 सीट का रहा है। सो, सबको अंदाजा है कि विपक्ष की सरकार अगर बनती है तो वह खिचड़ी सरकार होगी। यह अलग बात है कि 2014 से पहले की खिचड़ी सरकारों ने ज्यादा बेहतर काम किया था और लोकतंत्र को ज्यादा मजबूत किया था। लेकिन जनता आमतौर पर उतने वस्तुनिष्ठ तरीके से नहीं सोचती है। उसके सामने मोदी ने स्थिर और मजबूत सरकार बनाम कमजोर और खिचड़ी सरकार चुनने का विकल्प पेश किया है।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में विश्वगुरू की बजाय विश्वमित्र या विश्व के अटूट साथी का जुमला बोला। यह पिछले कई बरसों से बनाए जा रहे नैरेटिव का हिस्सा है, जिसमें बार बार कहा जाता है कि मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का महत्व बढ़ा है और दुनिया अब भारत को पहले से ज्यादा सम्मान से देखती है। मोदी ने अपने भाषण में बताया कि कैसे दुनिया भारत के विकास को लेकर चमत्कृत है और भारत के साथ जुडऩा चाहती है। उन्होंने कहा कि जैसे दूसरे महायुद्ध के बाद एक नई विश्व व्यवस्था बनी थी वैसे ही कोराना के बाद एक नया वर्ल्ड ऑर्डर बन रहा है, जिसमें भारत का अहम स्थान है और यह उनकी वजह से संभव हुआ है। सोचें, इस पैमाने पर मोदी के मुकाबले विपक्ष के पास कौन नेता है? प्रधानमंत्री ने इस बार अपने भाषण में देश के 140 करोड़ लोगों को 'प्रिय परिवारजन' कह कर संबोधित किया। देश की बहुसंख्यक आबादी का बड़ा हिस्सा, जो मोदी को पिछले करीब ढाई दशक से हिंदू हृद्य सम्राट के रूप में देखता है उस समूह को यह संबोधन मोदी के और करीब ले आएगा।

इसके अलावा जो बातें हैं वह तो हैं ही। मोदी ने 'भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण' को देश का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। उन्होंने अपने प्रचार के दम पर और मीडिया की मदद से समूचे विपक्ष को इन्हीं तीन चीजों के दायरे में समेटा है। विपक्ष को इसका जवाब देना होगा। इसके अलावा सरकार की योजनाएं हैं, करोड़ों लाभार्थी हैं, भाजपा की मशीनरी है, संसाधन है, मोदी का व्यक्तित्व है, उनकी प्रचार करने और भाषण देने की असीमित क्षमता है और ऐसी अनेक चीजें हैं, जो उनको आत्मविश्वास देती हैं। हालांकि चुनाव में यह सब होना भी जीत की गारंटी नहीं होती है। भारत में पहले कई बार ऐसा हो चुका है कि जब सत्ता में बैठे नेता जीत के सर्वाधिक भरोसे में होते हैं तो जनता उनको झटका देती है। सो, मोदी का आत्मविश्वास अपनी जगह है और मतदाताओं का फैसला अपनी जगह होगा, जो किसी वजह से अलग भी हो सकता है।

# ट्रंप टोली बतौर 'क्रिमिनल गैंग' कटघरे में!

**श्रुति व्यास**



फैनी विलिस अमेरिका की नई चर्चित शख्शियत है। फैनी महिला हैं और उनके कारण पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राहों में खूब कांटे हैं।सभी मान रहे है कि ट्रंप पर उनका तैयार चौथा अभियोग अब तक का सबसे गंभीर है। फुल्टन काउंटी की जिला एटार्नी फैनी विलिस द्वारा आरोपित यह अभियोग, ट्रंप और 18 अन्य व्यक्तियों पर धोखाधड़ी की साजिश है। जिन लोगों पर आरोप लगे हैं उनमें से कुछ नाम ऐसे हैं जिनसे हम ट्रंप के कार्यकाल में परिचित हुए जैसे रूडी जुलियानी, सिडनी पावेल और मार्क मेडोज। अन्य लोगों में वे लोग शामिल हैं जो जॉर्जिया में चुनाव के बाद हुए हेराफेरी के प्रयासों के प्रमुख किरदार थे।

विलिस ने 19 लोगों पर 41 आरोप लगाए हैं। महत्वपूर्ण यह है कि ये आरोप जार्जिया के ठगी, धोखाधड़ी और भ्रष्ट संगठन कानून (आरआईसीओ) के अंतर्गत हैं। विलिस अपने 20 साल के कानूनी करियर में पहले भी कई लोगों के खिलाफ ठगी के अभियोग जारी कर चुकी हैं जिनमें अटलांटा के हिप–हाप समुदायों से जुड़े लोग भी शामिल हैं। यह इस अभियोजक का पसंदीदा कानून है।''मैं आरआईसीओ की फैन हूं," उन्होंने एक बार एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा था। आरआईसीओ में एक साथ बड़ी संख्या में लोगों को आरोपी बनाना संभव है। उन सब पर जो एक साथ मिलकर किसी लक्ष्य को हासिल करने की साजिश करते होते है भले ही सभी व्यक्ति इसके सभी अपराधों में लिप्त न हों।

करीब 98 पृष्ठों का अभियोगपत्र ट्रंप के अमरीकी लोकतंत्र पर हमले का अपेक्षाकृत विस्तृत विवरण देता है। ट्रंप, अन्य 18–सह आरोपियों और 30 उन व्यक्तियों (जिन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है) पर इल्जाम लगाया गया है कि उन्होंने ''एक आपराधिक संगठन बनाया जिसके सदस्यों एवं सहयोगियों ने कई आपस में जुड़ी आपराधिक गतिविधियां कीं जिनमें शामिल हैं झूठे लिखित एवं मौखिक बयान देना, सरकारी अधिकारी का रूप धरना, जालसाजी, झूठे दस्तावेज तैयार करना, गवाहों पर दबाव डालना, कम्प्यूटरों से चोरी, कम्प्यूटर सिस्टम्स में अनाधिकार प्रवेश, कम्प्यूटरों संबंधी गोपनीयता का उल्लंघन, राज्य के साथ धोखाधड़ी की साजिश रचना, चोरी एवं और झूठी गवाही देना।

मोटे तौर पर फैनी विलिस ने ट्रंप और उनके सहयोगियों पर एक क्रिमिनल गैंग की तरह कार्य करने का आरोप लगाया है।ध्यान रहे दो हफ्ते पहले फ़ेडरल जस्टिस डिपार्टमेंट के अभियोजक जेक स्मिथ ने ट्रंप पर ओवल आफिस पर दुबारा कब्जा करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। उसमेंउन्होने पूर्व राष्ट्रपति के जार्जिया समेत अन्य राज्यों में की गई कारगुजारियों का विवरण भी दिया था। यह नया अभियोग पिछले पांच महीनों में ट्रंप पर लगाया गया चौथा अभियोग है। इसके साथ ही ट्रंप पर लगाये गए कुल आपराधिक आरोपों की संख्या 91 हो गयी है।

जहां तक फैनी विलिस का सवाल हैं वे एक डेमोक्रेट हैं और अपने कार्यकाल में 12,000 से अधिक अभियोग लगा चुकी हैं। अपने अतिउत्साह के कारण दक्षिणपंथियों और वामपंथियों दोनों को वे काफी डरावनी लगतीं हैं। कई प्रगतिशील, जो अब उम्मीद कर रहे हैं कि वे ट्रंप पर फंदा कसेंगीं, पहले अभियोजक के रूप में उनके अतिउत्साही रवैये के आलोचक रहे हैं। ट्रंप के चुनाव प्रचारक उन्हें एक 'विक्षिप्त पक्षपाती' बताते हुए दावा करते हैं कि उन्होंने अपनी जांच में जानबूझकर कर देरी की ताकि राष्ट्रपति पद की दौड़ में ट्रंप के लिए 'अधिकतम बाधा' खड़ी की जा सके।

विलिस को उम्मीद है कि यह मुकदमा छःह माह के अंदर शुरू हो जाएगा हालांकि उनका इतिहास मुकदमा जल्दी निपटाने का नहीं है। आरआईसीओ कानून के अंतर्गत उनके द्वारा चलाए गए पिछले मुकदमे जार्जिया के इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाले मामले थे। जहां तक ट्रंप का सवाल है, संभवतः वे चाहेंगे कि मामला लंबा खिचे। यह अनुमान है कि वे अपील करेंगे ताकि मामला संघीय न्यायालय में चला जाए जहां उन्हें कुछ हद तक अधिक सहानुभूतिपूर्ण रवैये वाली जूरी मिलने की उम्मीद है, जैसा उन्होंने मुंह बंद रखने के लिए पैसे देने वाले एक अलग मामले में किया था। ऐसा माना जा रहा है कि जार्जिया वाला मामला टेलिविजन पर प्रसारित होने वाला इकलौता मुकदमा होगा। यह अभियोजन लोकतंत्र के लिए एक अच्छी खबर है और इससे सभी को एक बार फिर यह अहसास होगा कि अमेरिकी संघीय व्यवस्था क्यों महान है।समय भले ही लग रहा हो परन्तु अमेरिका की व्यवस्था उस व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही कर रही है को प्रजातंत्र के रक्षक की बजाय उसका भक्षक बना था।

# बुखार आने पर नहाना चाहिए या नहीं, ज्यादातर लोग नहीं जानते हकीकत, जानें क्या करें



बुखार आने पर डाक्टरों का मानना है कि इससे तबीयत और भी ज्यादा बिगड़ सकती है. वहीं कुछ लोग फीवर आने पर भी नहाना पसंद करते हैं. लेकिन बहुत कम लोग ही जानते हैं बुखान में नहाना चाहिए या नहीं. आइए जानते हैं डॉक्टर इसको लेकर क्या सलाह देते हैं...

बुखार में नहाना चाहिए या नहीं

डॉक्टर के मुताबिक, बुखार में नहाने में कोई दिक्कत नहीं होती है. बुखार आने पर बॉडी टेंपरेचर बढ़ जाता है. बॉडी में दर्द भी शुरू होता है, कमजोरी आ जाती है. ऐसे में कुछ लोगों का मन नहाने को नहीं करता है. ऐसी सिचुएशन में गुनगुने पानी से नहाना फायदेमंद हो सकता है. नहाने से फीवर का असर कम हो सकता है. इससे मसल्स रिलैक्स रहता है. हल्के गर्म पानी से नहाते हैं तो शरीर दर्द से छुटकारा मिल सकता है. हालांकि, अगर बुखार ज्यादा रहे तो अधिक ठंडे पानी से नहाने से बचना चाहिए.

वायरल फीवर में नहाने में क्या करें

1. बुखार आने पर ज्यादा गर्म या ठंडे पानी की बजाय गुनगुने पानी से नहाना चाहिए. इससे शरीर रिलैक्स होता है, दर्द दूर होता है.

2. बुखार में नहाने जा रहे हैं तो कुछ ही समय के लिए नहाएं. लंबे समय तक पानी में रहने से परेशानी बढ़ सकती है.

3. माइल्ड साबुन और पानी से शरीर को धीरे–धीरे साफ करें. पसीना जमने वाली जगह को अच्छी तरह साफ करें ताकि बैक्टीरिया या फंगल इंफेक्शन न होने पाए.

वायरल फीवर नहाने समय क्या न करें

1. बुखार में ठंडे पानी से न नहाएं. इससे रक्त वाहिकाएं सिकुडऩे का खतरा रहता है, जो कंपकपी पैदा कर शरीर की एनर्जी खत्म कर सकती है.

2. ज्यादा देर तक नहाने से बचें.

3. अधिक गर्म पानी से नहाने से रक्त वाहिकाएं ज्यादा फैल सकती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर नीचे आ सकता है और चक्कर या बेहोशी हो सकती है.

4. ज्यादा रगड़–रगड़ कर नहाने से बचें. इससे शरीर अधिक उत्तेजित हो सकता है, जिससे थकान बढ़ सकती है.

5. बुखार में नहाने का मन नहीं है तो नॉर्मल पानी में तौलिया भिगोकर शरीर को धीरे–धीरे साफ कर लें. इससे बुखार से राहत मिल सकती है.

# बेहद खतरनाक होती है कुकुर खाँसी, इन घरेलू उपायों को अपनाते हुए मिले आराम

जिन बच्चों या बड़ों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, वो बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। इनमें भी विशेष रूप से बच्चे। इनमें से एक है काली खांसी जो कि एक संक्रमण रोग है और श्वसन संबंधी बीमारी है। खासकर 2–3 वर्ष उम्र के बच्चों में काली खांसी अधिक देखी जाती है। काली खांसी को अंग्रेजी में पर्टुसिस और वूपिंग कफ कहा जाता है। वहीं, इसे स्थानीय भाषा में कुकुर खांसी के नाम से भी जाना जाता है। इस बीमारी में कई बार खांसते–खांसते दम फूलने लगता है। आंखें लाल हो जाती हैं। दो सप्ताह से अधिक दिनों तक खांसी रहने पर चिकत्सक से जरूर सलाह लेनी चाहिए। आज हम अपने पाठकों को कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जो बच्चों को इस बीमारी से आराम दिलाने का काम करेंगे।

**तुलसी** काली खांसी में तुलसी का इस्तेमाल काफी फायदेमंद हो सकता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया से लडऩे और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए आप 10–12 तुलसी के पत्तों को पीस लें। अब इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर छोटी–छोटी गोलियां बना लें। बच्चे को दिन में 3–4 गोली खाने को दें।

**मुलेठी** मुलेठी में ग्लाइसिराइजिक एसिड होता है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। इसमें डीमुलसेंट घटक होते हैं जो उत्तकों का इलाज करते हैं। काली खांसी के कारण उत्तकों को काफी नुकसान पहुंचता है।मुलेठी से इलाज के लिए सबसे पहले एक कप पानी को गर्म करें और उसमें एक बड़ा चम्मच मुलेठी का पाउडर डालें। मिश्रण को पांच मिनट तक गर्म होने को रख दें। अब बर्तन को गैस से हटाएं और दस मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें। फिर मिश्रण को छानकर पी जाएं। इस प्रक्रिया को कुछ दिनों तक पूरे दिन में दो से तीन बार दोहराएं।

**अदरक** अदरक का उपयोग स्वाद के साथ ही सेहत के लिए भी किया जा जाता है। इससे जुड़े एक शोध में पाया गया कि अदरक ग्राम–नेगेटिव बैक्टीरिया के खिलाफ एंटीबैक्टीरियल प्रभाव प्रदर्शित कर सकता है। वहीं, काली खांसी का बैक्टीरिया भी एक ग्राम नेगेटिव बैक्टीरिया ही है, इसलिए माना जा सकता है कि अदरक काली खांसी के बैक्टीरिया से लडऩे का काम कर सकता है। इलाज के लिए अदरक का पेस्ट बना लें। पेस्ट से अदरक का रस निकालें और इसका रोजाना सेवन करें। स्वाद के लिए इसमें आधा चम्मच शहद मिला सकते हैं।

**एसेंशियल ऑयल** एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल काली खांसी से राहत पाने के लिए फायदेमंद हो सकता है। पुदीना और लेमनग्रास एसेंशियल ऑयल में एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो संक्रमण से लडऩे में मददगार हो सकते हैं। बच्चे को काली खांसी होने पर बादाम या जैतून के तेल में पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल डालकर पीठ और छाती की हल्की मालिश करें।

**बादाम** बच्चों की काली खांसी खत्म करने के लिए तीन–चार बादाम रात में पानी में भिगाकर रख दें। सुबह बादाम के छिलके उतार लें। इसे एक कली लहसुन और थोड़ी सी मिश्री के साथ पीस लें। तैयार पेस्ट की छोटी–छोटी गोलियां बनाकर बच्चे को खिलाएं। इससे खांसी में आराम मिलेगा। काली खांसी के लक्षण आमतौर पर 5–10 दिनों के भीतर संक्रमित होने के बाद विकसित होते हैं। कभी–कभी काली खांसी के लक्षण 3 सप्ताह तक विकसित नहीं होते हैं।

**लहसुन** लहसुन सर्दी, जुकाम और खांसी के इलाज के लिए फायदेमंद है। काली खांसी से छुटकारे के लिए लहसुन की 5–6 कलियों को छीलकर बारीक काट लें। उन्हें पानी में उबाल लें। इस पानी से भाप लें। रोज ऐसा करने से 8–10 दिन में काली खांसी खत्म हो जाती है।

**हल्दी** हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो काली खांसी का इलाज करने में मदद करते हैं। इसमें इलाज करने वाले गुण होते हैं जो खांसी के लिए प्रभावी होते हैं, खासकर सूखी खांसी। हल्दी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करती है और शरीर में मौजूद इन्फेक्शन से लड़ती है। इसके लिए एक ग्लास गर्म दूध में हल्दी मिला लें। मिलाने के बाद दूध को पी जाएं। इस उपाय को पूरे दिन में दो बार करें।

**अजवाइन** अजवाइन के फायदे काली खांसी का घरेलू इलाज करने में भी लाभदायक हो सकते हैं। इससे जुड़े एक शोध में जिक्र मिलता है कि यह सामान्य कफ से लेकर काली खांसी में राहत पहुंचाने का काम कर सकता है। वहीं, अजवाइन में एंटी बैक्टीरियल गुण भी मौजूद होता है। ऐसे में यह काली खांसी के बैक्टीरिया से लडऩे का काम भी कर सकता है।

## इंदौर में कुत्ता घुमाने की विवाद में गार्ड ने चलाई गोली, दो की मौत व छह घायल

**इंदौर,(एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में कुत्ता घुमाने को लेकर हुए विवाद में बैंक के सुरक्षा कर्मी ने गोलियां चला दी। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खजराना थाना क्षेत्र के कृष्ण बाग कॉलोनी में बैंक का गार्ड कुत्ते को घुमा रहा था, इसी दौरान उसका पडोसी से विवाद हो गया। यह घटना गुरुवार की रात को लगभग 11 बजे की है। विवाद के बाद बैंक गार्ड राजपाल राजावत अपने घर गया और उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक से छत पर पहुंचकर गोलियां चला दी। गोली राहुल वर्मा और विमल आमचा को लगी और उनकी मौत हो गई, वहीं छह लोग घायल हो गए। इंदौर जोन दो के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि राजपाल सिंह राजावत सुखलिया के एक बैंक में गार्ड है। उसका कुत्ते को घुमाने को लेकर विवाद हुआ। इस पर राजपाल ने छत पर जाकर गोलियां चला दी, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। इनमें से दो लोगों की मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और बंदूक को भी जब्त कर लिया गया है।

## अधीर रंजन चौधरी के निलंबन के मसले पर लोकसभा विशेषाधिकार समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** लोक सभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के निलंबन के मसले पर सदन की विशेषाधिकार समिति की आज पहली बैठक होने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, चौधरी के निलंबन के मसले पर बुलाई गई बैठक में विशेषाधिकार समिति तमाम घटनाक्रम पर चर्चा करने के बाद यह तय करेगी कि इसमें सुनवाई की प्रक्रिया कैसे शुरू की जाए और अगली बैठक में किन–किन को बुलाया जाए।आपको बता दें कि, संसद के मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव पर लोक सभा में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर 10 अगस्त को सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित करते हुए उनके मामले को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया था।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी द्वारा 10 अगस्त को ही लोक सभा में पेश किए गए प्रस्ताव को सदन द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद लोक सभा स्पीकर ओम बिरला ने उसी दिन अधीर रंजन चौधरी द्वारा सदन में लगातार किए जा रहे व्यवहार की जांच का मामला सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजते हुए समिति की रिपोर्ट आने तक उन्हें सदन से निलंबित करने की घोषणा कर दी थी।

## कार–डंपर की टक्कर में 5 की मौत

**खंडवा,(एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में गुरुवार की देर रात कार और ट्रक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। यह सभी लोग व्यावसायिक कार्य से पुनासा गए थे और कसरावद वापस लौट रहे थे।

## जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा में भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद

**श्रीनगर,(एजेंसी)।** जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया है। खुफिया जानकारी के आधार पर ये कार्रवाई की गई।रक्षा सूत्रों ने बताया कि कुपवाड़ा जिले में सेना, बीएसएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से 15 से 18 अगस्त तक मच्छल सेक्टर में चलाए गए ऑपरेशन मच्छल प्रहार 2 के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किए गए।

# महाप्रबन्धक ने दिलाई रेल कर्मियों को दिलाई सदभावना दिवस की शपथ

**दिल्ली, एजेंसीः** भारत के सभी धर्मों के बीच सामुदायिक समरसता, राष्ट्रीय एकता, शांति, प्यार और लगाव को लोगों में बढावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष, 20 अगस्त को सदभावना दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को उत्तर रेलवे ने प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में सदभावना दिवस-2023 का आयोजन किया। इस मौके पर शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने रेलकर्मियों को सदभावना दिवस की शपथ दिलाई।



शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे रेलकर्मियों को सदभावना दिवस की शपथ दिलाते हुए।

इस अवसर पर चौधुरी ने कहा कि जाति, क्षेत्र, धर्म और भाषा को बिना ध्यान दिये भारत के सभी लोगों को भावनात्मक एकात्मकता और सदभावना के लिए कार्य करना, देश की प्रगति के लिए अति महत्वपूर्ण है। इस सब को हिंसा के बिना, संवैधानिक साधनों और बातचीत के द्वारा सच्चे मन से दूरियों को मिटाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## फ्लाईओवर से गिरकर महिला की मौत

**हैदराबाद,(एजेंसी)।** हाईटेक सिटी में 22 वर्षीय एक महिला की फ्लाईओवर से गिरकर मौत हो गई। महिला का दोपहिया वाहन फ्लाईओवर की सुरक्षा दीवार से टकरा गया। दोपहिया वाहन पर सवार उसका दोस्त घायल हो गया।कोलकाता की मूल निवासी स्वीटी पांडे (22) और उसका दोस्त रयान ल्यूक गुरुवार शाम जेएनटीयू से आईकेईए की ओर आ रहे थे।पुलिस के अनुसार, हाईटेक सिटी फ्लाईओवर पर यात्रा करते समय, तेज गति के कारण सवार ने दोपहिया वाहन से नियंत्रण खो दिया और रिटेनिंग वॉल से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्वीटी फ्लाईओवर से नीचे सडक़ पर गिर गई और उसके सिर में चोट लग गई।रेयान को भी गंभीर चोटें आईं। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया

# दिल्ली एयरपोर्ट पर दिल्ली–पुणे विस्तारा फ्लाइट में बम की धमकी

### सभी यात्रियों सुरक्षित उतारा गया

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर जीएमआर कॉल सेंटर को बम की धमकी के संबंध में संचार मिलने के बाद दिल्ली से पुणे विस्तारा की उड़ान में सवार सभी लोगों को शुक्रवार को विमान से उतार दिया गया।

हवाईअड्डे के एक सूत्र ने कहा, दिल्ली–पुणे उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी और इसे आईजीआई पर आगे की जांच के लिए सुरक्षा दल को सौंप दिया गया है।

अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह 8.52 बजे हवाईअड्डे से एक उड़ान में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद एहतियात के तौर पर एक दमकल गाड़ी को मौके पर भेजा गया।

विस्तारा के प्रवक्ता ने कहा, हम पुष्टि करते हैं कि शुक्रवार को दिल्ली से पुणे के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान यूके971 में अनिवार्य सुरक्षा जांच के कारण देरी हो गई है।हम इसके लिए संबंधित सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इस बीच, हम अपने ग्राहकों को जलपान की पेशकश सहित असुविधा को कम करने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं। विस्तारा में, हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है हमें, प्रवक्ता ने कहा।

## कर्नाटक सरकार ने मंदिरों के नवीनीकरण को धन जारी करना किया बंद, भाजपा ने की निंदा

**बेंगलुरु,(एजेंसी)।** कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार द्वारा मंदिरों के नवीनीकरण और विकास कार्यों के लिए धन जारी करना बंद करने के फैसले की हिंदू संगठनों और भाजपा ने निंदा की है। सरकार के फैसले के संबंध में राज्य के हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग द्वारा एक आदेश पारित किया गया है और सभी जिला आयुक्तों को जारी किया जा चुका है। आदेश में कहा गया है कि अगर मंदिरों में जीर्णोद्धार का काम नहीं किया गया, तो फंड जारी नहीं किया जाएगा, साथ ही अगर 50 फीसदी फंड जारी करने की प्रशासनिक मंजूरी दी गई है, तो उसे भी रोक दिया जाए। आदेश में कहा गया है कि अगर प्रशासनिक मंजूरी का कोई प्रस्ताव है, तो उसे भी रोका जाना चाहिए। इसकी आलोचना करते हुए, मुजराई और वक्फ के पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक शाहीकला जोले ने कहा, मैं मंदिरों के लिए धन रोकने के सरकार के कदम की निंदा करता हूं। सरकार को मंदिरों को पूर्वाग्रहपूर्ण मानसिकता से नहीं देखना चाहिए। पिछली भाजपा सरकार के दौरान आवंटित धनराशि जारी करना सरकार और मंत्री का कर्तव्य है। सरकार को फैसला वापस लेना चाहिए। राज्य में मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाना चाहिए और उनका विकास किया जाना चाहिए। यदि नहीं, तो सरकार को तीव्र विरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति में मंदिरों का बहुत महत्व है। हमारे (भाजपा) कार्यकाल के दौरान मंदिरों और धार्मिक केंद्रों के नवीनीकरण के लिए धन जारी किया गया था। आदर्श आचार संहिता के कारण धनराशि की दूसरी किस्त जारी नहीं की गई।

## हाथी के हमले में महिला की मौत

**हसन,(एजेंसी)।** कर्नाटक के हसन जिले में शुक्रवार को एक 37 वर्षीय महिला को जंगली हाथी ने मार डाला, जब वह अपने खेत में थी।

मृतक की पहचान कविता के रूप में हुई है, जो वडुरु गांव में अपने माता–पिता से मिलने आई थी।

घटना तब हुई जब कविता अपने माता–पिता के घर के पीछे स्थित खेत में गई थी।

कहीं से आए अकेले हाथी ने उस पर हमला कर दिया।

परिवार के सदस्य तुरंत उसे हासन जिला अस्पताल ले गए, लेकिन उसने दम तोड़ दिया।

वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जंगली हाथी का पता लगाने और उसे स्थानांतरित करने की योजना बनाई है।

इस बीच, गांव के लोगों ने लगातार हाथियों के हमले पर चिंता व्यक्त की है.

## बारिश से हुए नुकसान के दृष्टिगत हिमाचल 'प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र' घोषितः सीएम सुक्खू

**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान के दृष्टिगत राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश को 'प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र' घोषित किया है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों से जारी भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से प्रदेश में जान–माल का भारी नुकसान हुआ है। राज्य में पेयजल, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था व सड़कों सहित अन्य संसाधनों को भी भारी क्षति पहुंची है। अभी तक राज्य में 12 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 330 लोगों की बहुमूल्य जान चली गई हैं। प्रदेश में अभी तक 10 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान आंका गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि और बागवानी को भी



भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में संचार व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। राज्य में जन–जीवन अस्त–व्यस्त हुआ है और व्यावसायिक गतिविधियां भी आपदा से अछूती नहीं रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। खतरे के दृष्टिगत बहुत से लोगों को उनके घरों से सुरक्षित निकालकर दूसरे स्थानों पर पहुंचाया गया है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राहत, बचाव एवं पुनर्वास के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। आपदा प्रभावितों को हरसंभव मदद सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मौसम के अनुकूल होने पर सम्बन्धित जिलों और विभागों द्वारा सम्पत्ति, पशुधन, आधारभूत संरचना और अन्य नुकसान का आकलन कर पुनर्निर्माण और उपयुक्त कार्रवाई के लिए प्रदेश सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार से आपदा की इस घड़ी में प्रदेश को दिल खोलकर सहायता प्रदान करने का आग्रह किया ताकि प्रदेश में जन–जीवन को पटरी पर लाते हुए सामान्य व्यवस्था बनाने संबंधी गतिविधियों में और तेजी लाई जा सके।

## अमित शाह ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सीएपीएफ के कार्यों की सराहना की

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और उनके परिवार के सदस्यों ने 5 करोड़ पौधे लगाने के तीन साल पुराने सपने को हकीकत में बदल दिया है। इस तरह एक नई विरासत पौधों को अपना सबसे अच्छा दोस्त बनाना की शुरुआत हुई है।

अमित शाह शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) समूह केंद्र में अखिल भारतीय सीएपीएफ वृक्षारोपण अभियान को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि जुलाई 2020 में हमने दिसंबर 2023 तक 5 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया था। उस समय यह पूरा मामला असंभव लग रहा था।

## 6.1 तीव्रता वाले विनाशकारी भूकंप ने तबाह किए कई मकान, डर के मारे 10वीं मंजिल से कूदी महिला

**बोगोटा, एजेंसी।** मध्य कोलंबिया में गुरुवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और मेटा और कुंडिनमार्का क्षेत्रों में गंभीर क्षति हुई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोगोटा में भूकंप जोरदार तरीके से महसूस किया गया। मेयर क्लाउडिया लोपेज ने कहा कि शहर को गंभीर नुकसान होने से बचाया गया है, लेकिन शहर के दक्षिण में भूकंप से इमारत गिरने के डर से अपनी 10वीं मंजिल के अपार्टमेंट की खिडक़ी से बाहर कूदने के बाद एक महिला




की मौत हो गई।

उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि हमारे साथ एक दर्दनाक घटना घटी है। स्यूदाद बोलिवर के मैडेलेना पड़ोस में एक महिला ने शायद घबराहट के कारण 10वीं मंजिल से छलांग लगा दी और उसकी मौत हो गई। यह हमारे साथ हुई एकमात्र गंभीर घटना है। कृपया, शांत रहें, शांत रहें। श्री लोपेज़ ने निवासियों को अपने घरों या कार्यस्थलों पर लौटने से पहले दीवारों और छतों को हुए नुकसान की जांच करने और भूकंप के कारण होने वाली किसी भी बड़ी दरार की तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी। बोगोटा में ही सात लोग लिफ्ट में फंस गए, कुछ ट्रैफिक लाइटें खराब हो गईं और रिपब्लिक ऑफ कांग्रेस के एलिप्टिकल हॉल में गुंबद का एक टुकड़ा गिर गया। भूकंप के केंद्र मेटा में कई घर नष्ट हो गए। कुंडिनमार्का में कई भूस्खलन और कुछ घरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है।

# राज्यसभा के 225 सांसदों में 27 अरबपति !

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 27 अरबपति हैं, जिनमें से छह भाजपा से हैं। शुक्रवार को सामने आई एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्यसभा सांसदों की औसत संपत्ति 80.93 करोड़ रुपये है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसने 233 राज्यसभा सांसदों में से 225 की आपराधिक पृष्ठभूमि के विवरण का विश्लेषण किया है।

मौजूदा राज्यसभा में एक सीट खाली है जबकि तीन सांसदों का विश्लेषण नहीं किया गया है क्योंकि उनके हलफनामे अनुपलब्ध थे और जम्मू–कश्मीर की चार सीटें अपरिभाषित हैं।

रिपोर्ट में कहा गया हैः विश्लेषण किए गए 225 मौजूदा राज्यसभा सांसदों में से 27 (12 प्रतिशत) अरबपति हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले अरबपति सांसद सबसे ज्यादा भाजपा के हैं। इसके बाद कांग्रेस और वाईएसआरसीपी का नंबर है।

भाजपा के 85 राज्यसभा सांसदों में से छह (7 प्रतिशत) अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 राज्यसभा सांसदों में से चार (13 प्रतिशत); वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नौ राज्यसभा सांसदों में से चार (44 प्रतिशत); आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से तीन (30 प्रतिशत); टीआरएस के सात राज्यसभा सांसदों में से तीन (43 प्रतिशत); और राजद के छह राज्यसभा सांसदों में से दो (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की घोषणा है।

इसमें आगे कहा गया कि 100 करोड़ रुपये की संपत्ति वाले सबसे ज्यादा सांसद आंध्र प्रदेश में हैं, उसके बाद तेलंगाना और महाराष्ट्र हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, आंध्र प्रदेश के 11 सांसदों में से पांच (45 प्रतिशत); तेलंगाना के सात सांसदों में से तीन (43 प्रतिशत); महाराष्ट्र के 19 सांसदों में से तीन (16 प्रतिशत); दिल्ली के तीन सांसदों में से एक (33 प्रतिशत); पंजाब के सात सांसदों में से दो (29 प्रतिशत); हरियाणा के पांच सांसदों में से एक (20 प्रतिशत); और मध्य प्रदेश के 11 सांसदों में से दो (18 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि राज्यसभा के मौजूदा सांसदों की औसत संपत्ति 80.93 करोड़ रुपये है।

## दोषियों की सजा माफी आवेदनों पर कार्रवाई के लिए ई–मॉड्यूल तैयार

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि राज्य के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने दोषियों को सजा में छूट का लाभ देने के लिए शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार एक ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया है।

सीजेआई डी.वाई. की पीठ चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने कहा कि राज्य की विभिन्न जेलों में बंद दोषियों की समयपूर्व रिहाई पर निर्णय की सुविधा के लिए डेटा को ई–मॉड्यूल पर अपलोड किया जा रहा है।पीठ ने मामले को चार सप्ताह की अवधि के बाद सुनवाई के लिए पोस्ट किया।पहले के निर्देश में, शीर्ष अदालत ने कहा था कि इस ई–मॉड्यूल में दोषी का विवरण होगा जैसे कि क्या माफी का आवेदन जिला मजिस्ट्रेट के पास लंबित है या अदालत से राय का इंतजार है, या आवेदन जेल मुख्यालय या राज्य के समक्ष लंबित है। सरकार, और वह अवधि जिसके लिए आवेदन लंबित है।ये निर्देश तब पारित किए गए जब 50 दोषियों द्वारा एक विविध आवेदन दायर किया गया था जिसमें शिकायत की गई थी कि अदालत के पिछले आदेशों के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय से पहले रिहाई के उनके आवेदन पर विचार नहीं किया गया था।इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने जेल महानिदेशक से एक व्यक्तिगत हलफनामा मांगा था जिसमें राज्य के प्रत्येक जिले में समयपूर्व रिहाई के पात्र दोषियों की जानकारी, लंबित माफी मामलों का विवरण और इन मामलों को लेने की समय अवधि के बारे में जानकारी दी गई थी।शीर्ष अदालत ने पिछले साल सितंबर में एक फैसले में उत्तर प्रदेश में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषियों की सजा में छूट पर प्रभाव डालने वाले कई निर्देश जारी किए थे।

# मणिपुर में फिर भडक़ी हिंसा, गोलीबारी में तीन नागरिकों की मौत

### सुरक्षा बलों ने संभाला मोर्चा

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** मणिपुर में 12 दिनों की शांति के बाद शुक्रवार को फिर से हिंसा भडक़ उठी है। हथियार से लैस बदमाशों ने उखरुल जिले में तीन ग्राम रक्षा कर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना जिला मुख्यालय उखरूल शहर से लगभग 47 किमी दूर स्थित कुकी आदिवासियों के गांव थौवाई कुकी में के आसपास हुई। बीएसएफ सहित सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, मैतेई उपद्रवियों ने सबसे पहले गांव के ड्यूटी पोस्ट पर हमला किया, जहां स्वयंसेवक गांव की सुरक्षा के लिए ड्यूटी कर रहे थे। इस गोलीबारी में कुकी स्वयंसेवकों के तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। मारे गए लोगों की पहचान जामखोगिन हाओकिप (26), थांगखोकाई हाओकिप (35) और होलेनसोन बाइते (24) के रूप में हुई है।

मणिपुर में 3 मई से इंफाल घाटी में बहुसंख्यक मैतेई और आसपास के पांच जिलों में प्रभावी आदिवासी कुकी समुदायों के बीच जातीय झड़पें देखी जा रही हैं। इन झड़पों में 160 से अधिक लोगों की जान चली गई है। लगभग 50,000 लोग विस्थापित हुए हैं।

उखरुल के पुलिस अधीक्षक एन वाशुम ने पुष्टि करते हुए कहा, हमारी जानकारी के अनुसार हथियारबंद बदमाशों का एक समूह पूर्व में स्थित पहाडिय़ों से गांव में आया और ग्राम रक्षकों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

घटना में गांव के तीन लोगों की मौत हो गई है। किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद सुरक्षा बढ़ा दिया गया है।

घटना में शामिल लोगों को पकडऩे के लिए राज्य पुलिस और भारतीय सेना द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। आपको यह भी बता दें कि 5 अगस्त को बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों में दो समुदायों के बीच गोलीबारी की अलग–अलग घटनाओं में पांच लोग मारे गए थे। इनमें तीन मैती और दो कुकी समुदाय के लोग शामिल थे।

## घर में घुसकर पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**अररिया,(एजेंसी)।** बिहार के अररिया जिले के रानीगंज इलाके में बेखौफ बदमाशों ने शुक्रवार को एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी और आराम से चलते बने।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह रानीगंज के प्रेम नगर स्थित आवास से पत्रकार विमल कुमार को अपराधियों ने घर से बुलाया। जैसे ही वे दरवाजा खोलकर बाहर निकलने वाले थे, वैसे ही अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।गोली लगने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।बताया जाता है कि अपराधियों की संख्या चार से पांच थी, जो बाइक पर सवार होकर आए थे।

परिजनों के मुताबिक, दो साल पूर्व विमल के बड़े भाई की हत्या भी अपराधियों ने कर दी थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य पीड़िता की याचिका पर मणिपुर सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक और चौंकाने वाली घटना पर मणिपुर सरकार से जवाब मांगा, जिसमें एक महिला ने दावा किया कि राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भीड़ ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसका जुलूस निकाला, लेकिन पुलिस उसकी मदद के लिए नहीं आई।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मणिपुर सरकार को नोटिस जारी किया और मामले को मुख्य मामले के साथ 13 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

वकील अमृता सरकार के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया कि भीड़ में शामिल महिलाओं ने पीड़िता के एक साल के बच्चे को भी मारा। हमले के कारण उसके हाथों में फ्रैक्चर हो गया और सिर पर गंभीर चोटें आईं। याचिका में कहा गया है, भीड़ ने याचिकाकर्ता नंबर–2 के कपड़े फाड़ दिए और उसे इम्फाल में डिप्टी कमिश्नर भवन तक परेड करने के लिए मजबूर किया गया, जहां पुलिस खड़ी थी लेकिन कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया।

